२२	$\frac{४००}{१००}$ या $\frac{३}{५}$	$\frac{४०}{१००}$ या $\frac{२}{५}$
२६	५६०७ रुपया	५६० रुपया
११	ये ने	बे ने
१४	$४८\times३+\{४८-(४८\frac{३}{३})\}\times८$	$४८\times३+\{४८-(४८\times\frac{२}{३})\}\times८$
१६	१७५ रु० जः	५०२ रु० दें
३	मोहन	सोहन
११	की थी १५००	जिसकी पूंजी १५०००
८	हल (१०००×५):(१५०००×३)::१५०० $=\frac{१५००\times३\times१५००}{१०००\times५}=१३५०$ रुपये	हल (१००००×५)+(१५०००×३)=५०००+ ४५०००=५०००० रु० ५०००० : ४५००० :: १५०० : महाराज लाल के नफ़े से ∴ महाराज लाल का नफ़ा = $\frac{१५००\times४५०००}{५००००}=१३५०$
२२	तो	और परसाम
२०	८ $\frac{१}{५}$ पेन्स	८ $\frac{३}{५}$ पेंस
२२	८ $\frac{१}{५}$ पेंस	८ $\frac{३}{५}$ पेंस
७	१० आने का	आने भर का

इति

नीचे लिखी उर्दू किताबें जिन साहिबों को चाहना हों वे मुंशी चिन्तामणि बुकसेलर शहर फ़र्रुख़ाबाद से तलब फ़रमावें महसूल डांक जिम्मे ख़रीदारान नहीं है॥

इश्तिहार

(१) गुटका राजा शिव प्रसाद साहिब जो इम्तिहान मिडिलमें ... इम्तिहान से जारी है उसके पर्चेजात जो लाय्क़ लायक़ महाशय ... इम्तिहानों में बीले अथवा माषिक या सालियाना जांच में ... किये उनमें से चन्द उमदा पर्चे और जुमले पर्चे ज़ुबान देशी के ... से इकट्ठे किये हैं कि इम्तिहान लेने वाले महाशयों को सवालात ... में सुभीता हो और इम्तिहान देने वाले तुलबाय को भी पूरा ... हासिल हो मोल सिर्फ़ दो आना है ॥

(२) हम अपने द्वारा छापे खाने में हिन्दी उर्दू का काम बहुत ... किफ़ायत से करा सक्ते हैं- जिन महाशयों को किताबें ... वग़ैरह छपवाना मंजूर हो वे हमें लिखें और पत्र द्वारा छपाई वग़ैरह ... ते करें ॥

(३) हाल में मिडिल हिसाब नाम किताब नाम किताब ... मान् जनाब मुंशी उमराव सिंह साहिब मुदर्रिस तहसीली स्कूल ... की बनाई हुई मैंने छपाई है ... मिडिल ... फ़ीद है पहिला हिस्सा १४८ सफ़े का है जबकि बारीक छपवाया गया दाम ।≈) और दूसरे भाग के दाम ।>) जिन साहिबों को चाहिये तलब फ़र्मावें ॥

(४) मिडिल क्लास उर्दू का तर्जुमा हिन्दी में ३ हिस्सों में छपगया है साहिबों को चाहिये तलब फ़र्मावें ॥

(५) हाल में मापे प्राइमरी क्लास नाम किताब पैमायश में ... उमदा छपाई है मोल ३) आना है यह किताब दफ़ा ४ व ३ ... ह मुफ़ीद है ॥

ह॰ चिंतामणि बुकसेलर
शहर फ़र्रुख़ाबाद

हिसाब मिडल क्लास

दूसरा हिस्सा

जिसको

जनाब फ़ैज़ मआब आलिम उलूम मिस्टर विलियम

कुर्र साहब बहादुर कलेक्टर व प्रेसी

डंट कमेटी तालीम ज़िला

एटा की क़दरदानी

से

मुन्शी उमावसिंह मुदर्रिस तहसीली स्कूल कासगंज

ज़िला एटा ने नार्मल स्कूलों और ज़िला

स्कूलों और तहसीली और हल्क़ा

बन्दी के मिडल स्कूलों

के तालिब इल्मों के लिये

बनाया

मतबै मुन्शी चुन्नीलाल व एहतमाम पंडित जगन्नाथ

प्रसाद के छापा गया

माह जनवरी सन् १८८६ ईसवी

पहिली बार	[illegible]	[illegible]
२०० जिल्द	फ़तेहगढ़	[illegible]

भूमिका

मालिक पैदा करने वाले भगवान का शुक्र अदा करने के बाद ज़ाहिर हो कि यह
ताब हिसाब मिडल क्लास हस्ब क़दरदानी मिस्टर विलियम कुर्ग साहब बहादुर
कलेक्टर ज़िला एटा के दो हिस्सों में बनाई गई है अव्वल हिस्से में इल्म हिसाब
कुल क़ायदों के सवालात अव्वल से आख़िर तक सिलसिलेवार मये हल मुंत
किये गये हैं और दूसरे हिस्से में मुतफ़र्रिक़ सवालात और मिडिल क्लास के कुल
सवालात जो शुरू इम्तिहान से अब तक आये हैं निहायत उमदा तौर से हल
गये हैं इस किताब के हर दो हिस्सों में पीघोस बर्नार्ड और कोलंजो ...
किताबों के उमदा २ सवालात लिये गये हैं और बड़ी ख़ूबी के साथ हल किये ग
अलावह इसके उन इम्तिहानी काग़ज़ातों से अच्छे २ सवालात चुने गये हैं जो हि
न्दुस्तान और इंगलिस्तान की यूनीवर्सिटियों में वक़्तन फ़ वक़्तन दिये ग
करने का निहायत उमदा तरीक़ा दिखलाया गया है और कसरत से इस कि
सवालात यूनीटरी के नये और उमदा तरीक़े से हल किये गये हैं यह तरीक़
बल्कि मुल्क फ़्रांस में ईजाद हुआ था अब की ज़माने तमाम इंगलिस्ता
और हिन्दुस्तान के बड़े कालेजों और स्कूलों में मुरव्विज है लेकिन हमारे
मिस तहसीली और हल्क़ाबन्दी के उस्ताद इस उमदा क़ायदे से बे
बेख़बर हैं लिहाज़ा इस किताब में उस क़ायदे का इस्तेमाल किया गया
यह किताब मिडिल क्लास के उम्मेदवारों के लिये निहायत मुफ़ीद और का
...द हैं और कम लियाक़त उस्तादों को लायक़ उस्ताद बनाने और मदर्र
...दवारों के लिये उस्ताद के क़ायम मुक़ाम होकर इम्तिहान में पास कराने
...रखती हैं मैंने इल्म हिसाब की वह तमाम उमदा और पेचीदगी की
...बोलकर लिखदी हैं जो मेरे ३० साल के उहदे मुदर्रिसी के तजर्बे में
...उनकी बदौलत तहसीली स्कूल कासगंज हमेशा इम्तिहान मिडिल
में कुल सूबे में बढ़कर रहा और उमदा किताबों के बनाने के लिये
...दो लायक़ शागिर्दों को गवर्मेन्ट से २०० रु० का इनाम चिट्ठी नम्बर
...२ मुवर्रिख़ ३० अगस्त सन् १८७२ ई० के अदा हुआ और एक शागिर्द
...से चुनांचे चिट्ठी गवर्मेन्ट नम्बरी १२ मुवर्रिख़ ... हुआ और एक शागिर्द

हिसाब मिडिल क्लास

दूसरा हिस्सा

पहला अध्याय

मुतफ़र्रिक़ सवालात मय हल

१) किसी एक अदद की इकाई और दसलाख की जगहों पर के हिन्दसे ३ और ७ हैं तो बताओ कि अगर उस अदद में से ९९९९९९ घटा दिया जाय तो उन्हीं जगहों में कौन से हिन्दसे होंगे॥

२) ३००४०७९६८५५०३ को १७२८१४४१२ से गुणा करो लेकिन तीन सतरों में हो

१) हल-

$$\begin{array}{r} ७०००००३ \\ ९९९९९९ \\ \hline ६००००४ \end{array}$$

चूंकि ३ में से ९ नहीं घट सके इसलिये उसमें से एक दहाई मिलाई. अब १३ में से ९ गये तो बाक़ी रहे ४ और हाथ लगा १ अब इस एक को नीचे के हिन्दसे की दहाई की जगह के ९ मे जोड़ने से १० हुए और इसके ऊपर के निशान की जगह चाहे जो हिंदसा क्यों न हो लेकिन जब उसमें से दस को घटावेंगे तो हाथ एकही लगेगा और यही बात बाईं तरफ़ के अख़ीर तक के ९ तक जारी रहेगी इसलिये जब हम ७ में से १ को घटाएंगे तो ६ बचेंगे पस जवाब की इकाई और दस लाख की जगहों पर के हिंदसे ४ और ६ तर्तीब वार हैं॥

२) हल् चूंकि १७२८१४४१२ = १७२८००००० + १४४०० + १२
= १४४००×१२००० + १२००×१२ + १२

पस दिये हुए अदद को १२ से गुणा करो और इस गुणन फल को १२०० से गुणा करो और फिर इस दूसरे गुणन फल को १२००० से गुणा करो अब जो इन तीनों गुणन फलों को जोड़ लोगे तो चाहा हुआ गुणन फल तीनही सतरों में निकल आवेगा-

$$\begin{array}{r} ३००४०७९६८५५०३ \\ १७२८१४४१२ \\ \hline ३६०४८९५६२२६०३६ \\ ४३२५८७४७४७१२४३२०० \\ ५१९१०४९६९६५४९१८४०००००० \\ \hline ५१९१४८२६४४५१३४५८६९२३६ \end{array}$$ जवाब

(२) साबित करो कि $\frac{३}{४} \div \frac{५}{६} = \frac{३}{४} \times \frac{६}{५}$ और $३ \div [२ + ३ \div \{४ + ५ \div (२ + \frac{१}{३})\}]$ मुख्तसिर करो।

हल् चूंकि $\frac{३}{४}$ को $\frac{५}{६}$ पर बांटने से ऐसा अदद मिलेगा कि जिसको अगर $\frac{५}{६}$ से गुणा करें तो गुणनफल भाज्य यानी $\frac{३}{४}$ के बराबर होगा
यानी $लब्धि \times \frac{५}{६} = \frac{३}{४}$ $\therefore लब्धि \times \frac{५}{६} \times \frac{६}{५} = \frac{३}{४} \times \frac{६}{५}$ $\therefore लब्धि \times १ = \frac{३}{४} \times \frac{६}{५}$
$\therefore लब्धि = \frac{३}{४} \times \frac{६}{५}$ $\therefore \frac{३}{४} \div \frac{५}{६} = \frac{३}{४} \times \frac{६}{५}$ और यही साबित करना था॥

$\because ३ \div [२ + ३ \div \{४ + ५ \div (२ + \frac{१}{३})\}] = ३ \div [२ + ३ \div \{४ + ५ \div \frac{७}{३}\}]$
$= ३ \div [२ + ३ \div \{४ + \frac{१५}{७}\}] = ३ \div [२ + ३ \div \frac{४३}{७}] = ३ \div [२ + \frac{२१}{४३}]$
$= ३ \div \frac{१०७}{४३} = \frac{१२९}{१०७} = १\frac{२२}{१०७}$ जवाब

(३) एक अदद के घन का आठ तेरहवां हिस्सा ३६५०४ है तो [illegible]

हल् चूंकि उस अदद के घन का आठ तेरहवां हिस्सा ३६५०४ है
$\therefore$ उस अदद के घन का एक तेरहवां हिस्सा $\frac{३६५०४}{८}$ यानी ४५६३ है
$\therefore$ उस अदद का घन ४५६३×१३ है $\therefore$ वह अदद $\sqrt[३]{४५६३ \times १३}$ यानी
$\sqrt[३]{२७ \times १३ \times १३ \times १३}$ यानी ३×१३ यानी ३९ है

(४) एक शख्स ०·२ का वर्ग मूल निकालने में इस तरह पर (०·२००००) बिंदु लगाकर वर्ग मूल निकाल लिया तो बताओ कि अब वह अपने गलत जवाब को किस से गुणा करें कि ०·२ का वर्ग मूल दुबारा निकाले बगैर जवाब सही होजाय

हल्- चूंकि उस शख्स ने ०·२ का वर्ग मूल इस तरह पर (०·२००००) बिंदु लगाकर निकाला यानी ०·०२ का सही वर्गमूल निकाला है
और चूंकि ·२ बराबर ·०२×१० के है $\therefore$ ·२ का वर्गमूल = $\sqrt{(·०२ \times १०)}$ यानी
$\sqrt{·२} = \sqrt{·०२} \times \sqrt{१०}$ लेकिन $\sqrt{१०} = ३·१६२२६$
इसलिये वह शख्स अपने गलत जवाब को ३·१६२२६ से गुणा करदे तो ·२ का वर्गमूल निकाले बगैर जवाब सही होजायगा।

(५) जिस शख्स की आमदनी १५०० रुपये से कम है उसपर ४ पाई फी रुपया और जिस शख्स की आमदनी १५०० रुपये से ज़ियादा है उसपर ५·६ पाई फी रुपया टैक्स लगता है तो किसी शख्स की आमदनी १५०० रु० से कितनी ज़ियादा होनी चाहिये कि उसके पास टैक्स देने के बाद १४६५ रु० की आमदनी वाले से ५ आना २ पाई कम रहें॥

हल्- चूंकि जिस शख़्स की आमदनी १५०० रु॰ से कम है उसपर ४ पाई फ़ी रुपया टैक्स लगता है इसलिये जिसकी आमदनी १४९५ रु॰ है उसपर (१४९५×४) पाई यानी ४९८ आने ४ पाई यानी ३१ रु॰ २ आ॰ ४ पाई टैक्स लगेगा

इसलिये टैक्स देने के बाद उसकी आमदनी (१४९५-३१ रु॰ २ आ॰ ४ पाई) यानी १४६३ रु॰ १३ आ॰ ८ पाई होगी- और चूंकि जिस आदमी की आमदनी १५०० रु॰ से ज़ियादा है उसपर फ़ी रुपया ५.६ पाई है टैक्स लगता है इसलिये उस को १५ आ॰ ६.४ पाई फ़ी रुपया टैक्स देने के बाद बचता है लेकिन इसके पास १४६३ रु॰ १३ आ॰ ८ पाई से ५ आना २ पाई कम यानी १४६३ रु॰ ८ आ॰ ६ पाई बाद टैक्स देने के बचता है

∴ इसकी आमदनी टैक्स देने के पहले $\frac{(१४६३ रु॰ ८ आ॰ ६ पाई)\times १९२}{१८६.४}$ यानी १५०७ रु॰ ८ आने थी

पस इसकी आमदनी १५०० रु॰ से ७ रु॰ ८ आ॰ ज़ियादा होनी चाहिये

(६) जिस आयताकार खेत का क्षेत्रफल ६ एकड़ ९६० वर्ग गज़ है और उस की लंबाई चौड़ाई से तिगुनी है तो बताओ आमने सामने के कोनों की दूरी कितनी है ॥

हल्- चूंकि उस आयताकार खेत का क्षेत्रफल ६ एकड़ ९६० वर्ग गज़ यानी ३०००० वर्ग गज़ है और लम्बाई चौड़ाई से तिगुनी है

∴ उस खेत के ऐसे तीन बराबर के वर्गाकार खेत बन सकते हैं जिनकी भुजायें आयताकार की चौड़ाई के बराबर हैं

∴ उस आयताकार खेत की चौड़ाई $\sqrt{\frac{३००००}{३}}$ गज़ यानी १०० गज है

∴ उस खेत की लंबाई = १००×३ = ३०० गज़

∴ उसके आमने सामने के कोनों की दूरी $\sqrt{१००^२+३००^२}$ गज़ यानी करीब ३१६.२ गज़ हुआ जवाब

(७) $\left\{\left(६\frac{३}{७} का \frac{५\frac{१}{२}-४\frac{५}{१२}}{१२\frac{१}{३}-७\frac{५}{१२}}\right) मन \div \frac{२\frac{१}{३}}{\frac{२}{१+\frac{२}{३}}} मन\right\} का \frac{३\frac{३}{५} घंटा}{१\frac{३}{५} घंटा} का \frac{७}{९} का क्या दाम होगा$

हल: $\left\{\left(६\frac{३}{७} का \frac{५\frac{१}{२}-४\frac{५}{१२}}{१२\frac{१}{३}-७\frac{५}{१२}}\right) मन \div \frac{२\frac{१}{३}}{२} मन\right\} = \frac{३\frac{३}{५} घं॰}{१\frac{३}{५} घं॰} का \frac{७}{९} रु॰$

$= \left\{ \left(\frac{४५}{७} \times \frac{६७-४५}{१५२-८८} \text{ मन} \right) \div \frac{१+\frac{३}{५}}{२} \text{ मन} \right\}$ का $\frac{१६\times५ \text{ पं}}{७\times८ \text{ छ}}$ का $\frac{७}{५}$ रु.

$= \left\{ \frac{४५\times७}{७\times६३} \div \frac{१०}{७\times२} \right\}$ का $\frac{३\times५}{७}$ का $\frac{७}{५}$ रु. $= \frac{५\times७\times२\times५\times७}{७\times५\times७\times५} = २$ रु. जवाब

(८) दो संख्याओं का महत्तम समापवर्तक ५३७ और लघुत्तम समापवर्तक १८... और छोटी संख्या

$\frac{२\frac{६}{७}}{४\frac{५}{६}}$ के $\frac{३६३.३७}{८.४} \times १०५$ गुणा हो तो बड़ी संख्या बताओ

हल – चूंकि महत्तम समापवर्तक और लघुत्तम समापवर्तक का धा. होता दोनों संख्याओं के गुणनफल के

$\therefore$ बड़ी संख्या $= \frac{५३७\times१८०७८५}{\frac{२\frac{६}{७}}{४\frac{५}{६}} \text{ के } \frac{३६३.३७}{८\frac{२}{५}} \times १०५} = \frac{५३७\times१८०७८५}{\frac{\frac{२०}{७}}{\frac{२९}{६}} \times \frac{\frac{३६३३७}{१००}}{\frac{४२}{५}} \times १०५} =$

$\frac{५३७\times१८०७८५}{२६८५} = ३७५९$ जवाब

(९) ऐसे दो दशम लब्ध बताओ वह मिलकर बराबर $\frac{१}{१५}$ के हो और एक दूसरे का $\frac{१}{१५}$ हिस्सा हो

हल - फर्ज़ किया कि पहला अदद १ है और दूसरा १५ है

$\therefore$ अददों का योग $= १५+१ = १६$ $\therefore$ दशमलब $= \frac{१}{१५} - \frac{१}{१६} = \frac{१}{२४०} = .००४१६$

$\therefore$ दूसरा दशमलब $= \frac{१}{२४०} \times \frac{१५}{१} = \frac{१}{१६} = .०६२५$

(१०) $\frac{.१\times.१\times.१+.०१\times.०१\times.०१}{.२\times.२\times.२+.०२\times.०२\times.०२}$ इसको संक्षेप करो

हल $\frac{.१\times.१\times.१+.०१\times.०१\times.०१}{.२\times.२\times.२+.०२\times.०२\times.०२} = \frac{.१\times.१\times.१+.०१\times.०१\times.०१}{२\times२\times२(.१\times.१\times.१+.०१\times.०१\times.०१)} = \frac{२}{२\times२\times२} = \frac{१}{४}$

(११) इसको मुख्तसर करो $\frac{.००४ \div .०००५}{२.४२\dot{३}+३.५\dot{७}\dot{६}+२.००\dot{०}\dot{१}८\dot{१}\dot{१}}$

और साबित करो कि $.५\dot{७}१४२८\dot{५} \times .६\dot{३} = .\dot{३}\dot{६}$

हल चूंकि $\frac{.००४\div.०००५}{२.४२\dot{३}+३.५\dot{७}\dot{६}+२.००\dot{०}\dot{१}८\dot{१}\dot{१}} = \frac{.००४\div.०००५}{२.४२३३३३+३.५७६५७६५+२.००१...}$

$= \frac{८}{७.९९९९९९९} = \frac{८}{८} = १$ जवाब

चूंकि $.५\dot{७}१४२८\dot{५} \times .\dot{६}\dot{३} = \frac{५७१४२८५\times६३}{९९} = \frac{५७१४२८५\times७}{११} =$

$\frac{३.९९९९९९९}{११} = \frac{३.\dot{९}}{११} = .\dot{३}\dot{६}$ अब साबित हुआ कि $.५\dot{७}१४२८\dot{५} \times .\dot{६}\dot{३} = .\dot{३}\dot{६}$

(१२) दो गाड़ियां एक दूसरे से ४ घंटे पीछे एक शहर में होकर गुज़रीं जिनकी चाल

े घन्टे ११ $\frac{1}{2}$ मील और १० $\frac{1}{2}$ मील तर्तीब वार है तो बताओ कब और कितनी दूर र दूसरी गाड़ी पहली गाड़ी को जा पकड़ेगी ॥

हल - चूंकि पहली गाड़ी १ घन्टे में ११ $\frac{1}{2}$ मील चलती है

∴ ४ घंटे में (११ $\frac{1}{2}$ × ४) मील यानी ४६ मील चलती है और दूसरी गाड़ी १ घंटे में १० $\frac{1}{2}$ मील चलती

∴ १ घन्टे में दोनों गाड़ियों का फ़र्क़ = (१० $\frac{1}{2}$ − ११ $\frac{1}{2}$) मील यानी ६ मील है

∴ ४६ मील का फ़र्क़ $\frac{४६}{६}$ घंटे यानी ७ घन्टे ४० मिनट में पूरा होता है.

∴ पहली गाड़ी को दूसरी गाड़ी (१० $\frac{1}{2}$ × $\frac{२३}{३}$) मील = $\frac{२०५}{२}$ मील यानी १२४ $\frac{1}{2}$ मील पर पकड़ लेगी पस पहली गाड़ी को दूसरी गाड़ी ७ घंटे ४० मिनट में और १२४ $\frac{1}{2}$ मील पर जा पकड़ेगी ॥

(१३) एक मल्लाह १८ मील ४ घन्टे में धार की मदद से डोंगी उतार पर खेता है लेकिन चढ़ाव पर १२ घन्टे में तो बताओ कि मल्लाह फी घन्टे किस हिसाब से खेता है और नदी की धार फी घन्टे क्या चाल है

हल - चूंकि मल्लाह नाव को धार की मदद से ४ घन्टे में १८ मील खेता है

∴ एक घन्टे में $\frac{१८}{४}$ मील यानी ४ $\frac{1}{2}$ मील धार की मदद से खेता है

यानी नदी का बहाव और मल्लाह के खेने की ताक़त ४ $\frac{1}{2}$ मील है और चढ़ाव पर १२ घन्टे में १८ मील खेता है

∴ १ घन्टे में $\frac{१८}{१२}$ मील यानी १ $\frac{1}{2}$ मील खेता है - यानी मल्लाह और नदी के बहाव का फ़र्क़ फी घन्टे १ $\frac{1}{2}$ मील है इसलिये मल्लाह नाव को $\frac{४\frac{1}{2}+१\frac{1}{2}}{२}$ मील यानी ३ मील फी घन्टे खेता है और धार का बहाव फी घन्टे $\frac{४\frac{1}{2}-१\frac{1}{2}}{२}$ मील यानी १ $\frac{1}{2}$ मील है -

पस मल्लाह की फी घन्टे के खेने की ताक़त ३ मील और धार का बहाव १ $\frac{1}{2}$ मील है ॥

(१४) एक आदमी ने २३, २४, २५ मन शक्कर १६, १६ $\frac{1}{2}$, २० रु. मन के भाव से खरीदी और सब को मिला दिया तो मिली हुई शक्कर का मन कितने का दिये कि जिससे खरीद के भाव पर २० रु. सैकड़ा फ़ायदा हो.

हल - (२३×१६) + (२४×१६ $\frac{1}{2}$) + (२५×२०) = १४०५ रु. ... १०० + २० = १२०

∴ १००: १४०५ :: १२० = $\frac{१२०×१४०५}{१००}$ = १६८६ रु. ... नफ़ा मिला कर हुए

∴ १ मन की क़ीमत = १६८६ ÷ (२३ + २४ + २५) =

$\therefore$ १६८६ ÷ ७२ = $\frac{८४३}{३६}$ = २३ रु० १० आ० ८ पाई जवाब

(१५) कुछ रुपया ४ $\frac{१}{२}$ माह बाद देना है, अब जो $\frac{१}{४}$ रुपया उसी वक्त दिया जाय और $\frac{१}{४}$ तीन महीने बाद दे तो बाक़ी कब देना चाहिये जिससे लेने देने वाले को कुछ नुक़सान न हो

हल- १ − $\frac{१}{४}$ = $\frac{३}{४}$ और $\frac{३}{४}$ − $\frac{१}{४}$ = $\frac{१}{२}$ ∴ $\frac{१}{४}$ × ३ = $\frac{३}{४}$ ∴ $\frac{९}{२}$ − $\frac{३}{४}$ = $\frac{१५}{४}$, $\frac{१}{२}$: १ :: $\frac{१५}{४}$, $\frac{१५×२}{४}$ = $\frac{१५}{२}$ = ७ $\frac{१}{२}$ महीने बाद जवाब

(१६) एक अदद छः हिन्दसों का है जिसके बायें हाथ की तरफ़ का आख़िरी हिन्दसा १ है अगर यह अदद इस तरह बदला जाय कि इस १ को उठाकर इकाई की जगह पर रखदें तो दरयाफ़्त होता है कि यह नया अदद असल अदद से तिगुना है तो उस अदद को दरयाफ़्त करो।

हल- इस सवाल को इस शक्ल में ला सकते हैं कि १ लाख में कौन सा अदद ज़ियादा करें कि जिससे उस अदद का १० गुना और १ मिलकर बराबर हो एक लाख के तिगुने और उस अदद के तिगुने जोड़ के यानी ३ लाख और उस अदद के तिगुने के

अब चूंकि उस अदद का तिगुना और ३ लाख मिलकर = उस अदद के दसगुने और एक

∴ उस अदद का ७ गुना बराबर ३००००० − १ यानी २९९९९९ के

∴ वह अदद $\frac{२९९९९९}{७}$ यानी ४२८५७ है - पस इस वास्ते असल अदद १४२८५७

(१७) ३४५२६७ को ४३५६ से किसी सहल रीति से गुणा करो जिसका गुणन फल एक बारगी मिले

हल- नीचे की क्रिया के मुताबिक़ एक बारगी गुणन फल निकल आता है

७×७ = ४९ का ९ हासिल ४

∴ ४+(७×६)+(६×७) = ८८ का ८ हासिल ८

∴ ८+(७×२)+(६×६)+(७×५) = ९३ का ३ हासिल ९

∴ ९+(७×५)+(६×२)+(५×६)+(३×७) = १०७ का ७ हासिल १०

∴ १०+(७×४)+(६×५)+(५×२)+(३×६)+(४×७) = १२४ का ४ हासिल १२

∴ १२+(७×३)+(६×४)+(५×५)+(३×२)+(४×६) = ११२ का २ हासिल ११

∴ ११+(६×३)+(५×४)+(३×५)+(४×२) = ७२ का २ हासिल ७

∴ ७ + (५×३) + (३×४) + (४×५) = ५४ का ४ हासिल ५

∴ ५ + (३×३) + (४×४) = ३० का ० हासिल ३

∴ ३ + (३×४) = १५ के पूरे पंद्रह

∴ ३४५२६७×४३५६७ = १५० ४२२५ ७३ ८९ जवाब

(१८) दो संख्याओं का योग ५७६०० और उनका अंतर बराबर बड़ी संख्या की तिहाई के है तो बताओ वह कौन सी संख्या है.

हल्- जब दोनों संख्याओं का अंतर = बड़ी संख्या की तिहाई के तो यदि तो बड़ी संख्या बराबर ३ गुने अंतर और छोटी संख्या = बड़ी संख्या − अंतर = २ गुने अंतर

∴ ५ गुना अंतर = (बड़ी + छोटी) संख्या = ५७६००

∴ अंतर = ५७६०० ÷ ५ = ११५२० और बड़ी संख्या = ११५२०×३ = ३४५६०

और छोटी संख्या = ११५२० × २ = २३०४०

(१९) १०० संतरे और ७५ अनार की क़ीमत १०≶)॥ है और ७५ संतरे और १०० अनारों की क़ीमत ११॥≡)॥ हैं तो बताओ १ अनार और १ संतरे की क़ीमत क्या है

हल्- १०० संतरे + ७५ अनार = १०≶)६ = १६५० पा.

७५ संतरे + १०० अनार = ११॥≡)६ = २३४० पा.

∴ ४ संतरे + ३ अनार = = ७८ पाई } पहली सूरत का ३ गुना और

और ३ संतरे + ४ अनार = ९० पाई } दूसरी का ४ गुना करो

∴ १२ संतरे + ९ अनार = २३४ पाई } दूसरी में से पहली

१२ संतरे + १६ अनार = ३६० पाई } को घटाओ

० ७ अनार १२६ पाई

∴ १ अनार की क़ी = (१२६ ÷ ७) पाई
= १८ पाई
= १ आना ६ पाई

परंतु ४ संतरे + ३ अनार = ७८ पाई

या ४ संतरे + ५४ पाई = ७८ पाई

∴ ४ संतरे = (७८ − ५४) पाई
= २४ पाई

∴ १ संतरा = (२४ ÷ ४) = ६ पाई जवाब

(२०) वह कौन सी बड़ी से बड़ी संख्या है जिसमें अगर २०१ का भाग दें तो ६ बाक़ी रहें और अगर ६७१ को भाग दें तो ८ बाक़ी रहें

हल- (२०१−६) और (६७१−८) यानी १९५ और ६६३ का महत्तमापवर्तक ३९ बड़े से बड़ा अदद है, जिसमें अगर २०१ में भाग दें तो ६ बाक़ी रहेगा और अगर ६७१ में भाग देंगे तो ८ बाक़ी रहेगा।

(च) साबित करो कि $\frac{\cdot\dot{३}४\dot{७}}{\cdot\dot{५}\dot{७}} = \frac{३४७३४७}{५७५७५७}$

हल- $\frac{\cdot\dot{३}४\dot{७}}{\cdot\dot{५}\dot{७}} = \frac{३४७३४७\ ३४७३४७\cdots\cdots}{५७५७५७\ ५७५७५७\cdots\cdots}$

$$= \frac{\cdot\dot{३}४७३४\dot{७}}{\cdot\dot{५}७५७५\dot{७}}$$

$$= \frac{\frac{३४७३४७}{९९९९९९}}{\frac{५७५७५७}{९९९९९९}} = \frac{३४७३४७}{५७५७५७}$$

(२१) एक बज़ाज ऐसी क़ीमत पर कपड़ा ख़रीद करता है कि अगर वह उसे ४ रु० ६ आ० फ़ी गज़ के हिसाब से बेचे तो पांच रुपया सैकड़ा फ़ायदा होवे ताओ कि अगर वह कपड़ा ३ रु० १४ आ० गज़ के भाव से बेचा जाय बज़ाज़ को किस क़दर फ़ायदा या नुक़सान होगा-

हल - चूंकि बज़ाज़ को ४ रु० ६ आ० यानी $\frac{७०}{१६}$ रु० फ़ी गज़ के हिसाब से कपड़ा बेचने में ५ रुपया सैकड़ा फ़ायदा होता है यानी जिस क़दर वह कपड़ा १०५ रुपया को बेचता है उसने १०० रु० को ख़रीदा था।

∴ वह कपड़ा जिस क़दर १ रु० को बेचता है वह उसने $\frac{१००}{१०५}$ यानी $\frac{२०}{२१}$ रु० को ख़रीदा था

∴ १ गज़ कपड़ा जो वह $\frac{७०}{१६}$ रु० को बेचता है उसने $\frac{२०}{२१}\times\frac{७०}{१६}$ यानी $\frac{२५}{६}$ रु० को ख़रीदा था

अब अगर बज़ाज़ उस कपड़े को ३ रु० १४ आना यानी $\frac{३१}{८}$ रु० फ़ी गज़ के हिसाब से बेचे तो उसे $\frac{२५}{६}$ रु० में $(\frac{२५}{६}-\frac{३१}{८})$ रु० यानी $\frac{७}{२४}$ रु० का नुक़सान पड़ेगा

∴ हर २५ रुपये में $\frac{७}{४}$ रुपये का नुक़सान पड़ेगा

इसलिये हर १०० में ७ रुपये का नुक़सान पड़ेगा

(२२) एक दूकानदार व्योपारी से चीज़ ख़रीद करते वक़्त तराज़ू की डंडी मार कर तोल में २० फ़ी सदी ज़ियादा ले लेता है और बेचते [illegible] फ़ी सदी

कम तोलता है तो बताओ वह इस फ़रेब से कितना फ़ायदा उठाता है॥

हल- चूंकि दूकानदार १०० मन चीज़ की क़ीमत देकर तराज़ू के फेर से १२० मन तोल लेता है और बेचते वक़्त १०० मन के बदले ८० मन तोलता है यानी ८० मन की क़ीमत की जगह १०० मन की क़ीमत लेता है और इसलिये १२० मन की क़ीमत की जगह १५० मन की क़ीमत लेता है-

और चूंकि उस दूकानदार ने व्योपारी को १०० ही मन की क़ीमत दी थी और बेचने से १५० मन की क़ीमत हासिल की इसलिये उसको ५० फ़ी सदी का फ़ायदा हुआ॥ उत्तर

(२३) एक सौदागर १४४ मन ग़ल्ला ८ रुपये सैकड़े के फ़ायदे पर और ७४ मन ग़ल्ला १२ रुपये सैकड़े के फ़ायदे पर बेचता है अगर वह कुल ग़ल्ला १० रुपये सैकड़े के फ़ायदे पर बेचता तो उसको पहली क़ीमत की ब-निस्बत २७ रु० २ आना ज़ियादा मिलते बताओ कि उसने ग़ल्ला कितने रुपये मन ख़रीदा था॰

हल- चूंकि १४४ मन ग़ल्ला ८ रुपये सैकड़े के फ़ायदे पर और ७४ मन १२ रुपये सैकड़े के फ़ायदे पर बेचना बराबर है १४८ मन १० रुपये सैकड़े के फ़ायदे पर बेचने के ∴ १४४ मन यानी (७०+७४) मन ८ रुपये सैकड़े के फ़ायदे पर और ७४ मन १२ रुपये सैकड़े के फ़ायदे पर बेचना बराबर है ७० मन ८ रु० सैकड़े के फ़ायदे पर और १४८ मन १० रु० सैकड़े के फ़ायदे पर बेचने के लेकिन अगर सौदागर कुल २१८ मन यानी (७० + १४८) मन ग़ल्ला १० रु० सैकड़े के फ़ायदे पर बेचता तो उसे ब निस्बत पहले के २७ रु० २ आ० ज़ियादा मिलते ∴ सौदागर को ७० मन ग़ल्ला २ रु० सैकड़े के ज़ियादा फ़ायदे पर बेचने से २७ रु० २ आना ज़ियादा मिलते ∴ सौदागर को १ मन २ रु० सैकड़े के ज़ियादा फ़ायदे पर बेचने से $\frac{२७ रु० २ आ०}{१४×५}$ यानी $\frac{१ रु० १५ आ०}{५}$ ज़ियादा मिलते

∴ १ मन की ख़रीद की क़ीमत = $\frac{१ रु० १५ आ०}{५}$ × ५० यानी १९ रु० ६ आ० की

(२५) एक सोने चांदी के ताज़ की क़ीमत जिसका वज़न ३५ तोले है ५१६ रुपया २ आना है अगर उस ताज में जितना सोना है उतनी चांदी होती और जितनी चांदी है उतना सोना होता तो उसकी क़ीमत २३४ रु० १ आ० ६ पा० होती

और यह भी मालूम है कि २ तोले चांदी और १ तोले सोने की कीमत २३ रु० २ आ
है तो बताओ कि उस ताज में कितना सोना और कितनी चांदी है और सोने और
चांदी की फी तोले क्या २ कीमत है

हल – चूंकि दोनों किस्म के ताजों को एक साथ ख़याल करने से साफ़ जाहिर है
कि ३५ तोले चांदी और ३५ तोले सोने की कीमत ७८३ रु० ३ आ० ६ पाई यानी $\frac{२५०६३}{३२}$
रुपया है ∴ १ तोले चांदी और १ तोले सोने की कीमत $\frac{२५०६३}{११२०}$ रुपया है लेकिन
दो तोले चांदी और १ तोले सोने की कीमत २३ रु० २ आना यानी $\frac{२५९००}{११२०}$ रुपया है
∴ १ तोले चांदी की कीमत $\frac{८३७}{११२०}$ रु० यानी ११ आना ११ $\frac{२७}{३५}$ पाई है
∴ १ तोले सोने की कीमत $\frac{२४२२६}{११२०}$ रु० यानी २१ रु० १० आना १ $\frac{१}{३५}$ पाई है
अब अगर ख़याल करो कि ताज सिर्फ़ ३५ तोले चांदी का बना है तो उसकी कीमत ($\frac{८३७}{११२०}$ × ३५) यानी $\frac{८३७}{३२}$ रु० होगी
यानी सोने चांदी के ताज की कीमत से $\frac{१६६३८}{३२}$ रु० कम होगी और चूंकि १ तोले
चांदी के एवज़ १ तोला सोना ताज में लगाने से $\frac{२४२२६ - ८३७}{११२०}$ यानी $\frac{२३३८९}{११२०}$ रु०
कीमत में ज़ियादा हो जाता है,

$$∴ \frac{१६६३८}{३२} \text{ रुपया की कमी} = \frac{\frac{१६६३८}{३२}}{\frac{२३३८९}{११२०}} \text{ तोले यानी } २४\frac{२१०२९}{२३३८९} \text{ तोले सोना}$$

बजाय उसी कदर चांदी के लगाने से पूरी हो जायगी

∴ सोने और चांदी के ताज में २४ $\frac{२१०२९}{२३३८९}$ तोले सोना और १० $\frac{२३६०}{२३३८९}$ तोले चांदी है

(२५) एक हौज़ में जो १२ फुट एक इंच लंबा और ११ फुट ८ इंच चौड़ा और ५ फुट ४ इंच गहरा है दो नल लगे हुए हैं एक नल में जिससे पानी हौज़ में आता है और जिसका सूराख़ १० वर्ग इंच है पानी २ $\frac{१}{२}$ फुट फी सेकंड बहता है और दूसरे नल में जिसमें होकर पानी हौज़ से निकलता है पानी २ फुट ५·८ इंच फी सेकंड बहता है अगर दोनों नल खुले रहें और २ घन्टे में हौज़ भर जावे तो बताओ कि उस नल का सूराख़ जिसमें होकर पानी हौज़ से निकलता है कितना बड़ा है

हल – चूंकि हौज़ १४५ इंच लंबा और १४० इंच चौड़ा और ६४ इंच गहरा है
∴ (१४५×१४०×६४) घन इंच पानी समाता है
और चूंकि जब दोनों नल खुले होते हैं तो वह हौज़ २ घन्टे यानी (२×६०×६०)
सेकन्ड में पानी से भर जाता है ∴ फी सेकंड $\frac{१४५×१४०×६४}{२×६०×६०}$ यानी $\frac{१६२४}{९}$ घन इंच

यानी बाद निकलने के हौज़ में बाक़ी रहता है।

लेकिन चूंकि जिस नल में होकर पानी हौज़ में आता है उसका सूराख़ १० वर्ग इंच है और उसमें पानी का बहाव ३० इंच फ़ी सेकन्ड है

∴ उस नल से फ़ी सेकन्ड ३०० घन इंच पानी हौज़ में आता है ∴ फ़ी सेकन्ड $\{३०० - \frac{१६२४}{८}\}$ यानी $\frac{१०७६}{८}$ घन इंच पानी हौज़ से दूसरे नल को होके निकल जाता है

और चूंकि इस नल में पानी का बहाव २ फ़ुट ५.४ इंच यानी २९ $\frac{२}{५}$ इंच फ़ी सेकन्ड में

∴ इस नल का सूराख़ $\frac{\frac{१०७६}{८}}{२९ \frac{२}{५}}$ यानी ४ वर्ग इंच है

(२६) ६ आदमी जो किसी चीज़ पर १० बजे सुबह को २ निशाना लगाना शुरूअ़ करते हैं उनमें से एक दो दो मिनट के बाद दूसरा पांच २ मिनट के बाद तीसरा सात २ मिनट के बाद चौथा दस २ मिनट के बाद पांचवां बारह २ मिनट के बाद छठा चौदह २ मिनट के बाद बंदूक़ छोड़ता है तो बताओ कि फिर दूसरी बार यह सब आदमी किस वक़्त एक साथ बंदूक़ छोड़ेंगे और उस वक़्त तक के हरएक आदमी बंदूक़ छोड़ चुका होगा

हल- चूंकि २, और ५, और ७, और १०, और १२, १४ का लघुतम समापवर्त्य = ५×६×१४ = ४२० और ४२० मिनट = ७ घन्टा

इसलिये सब आदमी दूसरी बार ठीक ५ बजे शाम को एक साथ बंदूक़ छोड़ेंगे और इस वक़्त तक पहला आदमी $\frac{४२०}{२}$ यानी २१० मरतबे और दूसरा आदमी $\frac{४२०}{५}$ यानी ८४ मरतबे और तीसरा आदमी $\frac{४२०}{७}$ यानी ६० मरतबे और चौथा आदमी $\frac{४२०}{१०}$ यानी ४२ मरतबे और पांचवां आदमी $\frac{४२०}{१२}$ यानी ३५ मरतबे और छठा आदमी $\frac{४२०}{१४}$ यानी ३० मरतबे बंदूक़ छोड़ चुका होगा

(२७) एक सौदागर कुछ असबाब ख़रीदता उसमें से आधा १० फ़ीसदी के फ़ायदे पर और बाक़ी १६ $\frac{२}{३}$ फ़ीसदी के फ़ायदे पर और बाक़ी ११ $\frac{१}{९}$ फ़ीसदी के नुक़सान पर बेच डालता है अगर सौदागर का कुल नफ़ा [illegible] ४४३ का १ पाई होवे बताओ उसने असबाब [illegible] क़ीमत का ख़रीदा था

हल- चूंकि आधे असबाब की ख़रीद की क़ीमत पर दस फ़ीसदी का फ़ायदा [illegible] है इस असबाब की क़ीमत पर ५ फ़ीसदी के फ़ायदे के [illegible]

असबाब की क़ीमत पर १९ $\frac{३}{४}$ फ़ी सदी का फ़ायदा बराबर है कुल असबाब की क़ीमत पर ५ $\frac{५}{६}$ फ़ीसदी के फ़ायदे के और बाक़ी यानी छठे हिस्से असबाब की क़ीमत पर १२ $\frac{२}{३}$ फ़ी सदी का नुक़सान बराबर है कुल असबाब की क़ीमत पर २ $\frac{१}{२}$ फ़ी सदी के नुक़सान के — इसलिये सौदागर को असबाब के बेचने में कुल ख़रीद की क़ीमत पर (५+५ $\frac{५}{६}$ − २ $\frac{१}{२}$) यानी $\frac{२५}{३}$ फ़ी सदी का फ़ायदा हुआ और चूंकि यह फ़ायदा यानी कुल क़ीमत का $\frac{२५}{३}$ फ़ी सदी बराबर है ४४७ रु॰ ६

$$\therefore \text{कुल क़ीमत} = \frac{(४४७ \text{ रु॰ } ६ \text{ आ॰}) \times १००}{\frac{२५}{३}} = ५३६८ \text{ रु॰ } ८ \text{ आना}$$

(२८) इन दोनों में कौन सी बड़ा है

$$\frac{३}{५}\times\frac{१३}{१६}-\frac{१\frac{२}{३}}{१\frac{३}{५}}\times\frac{१९}{२०}+\frac{३}{७}\times\frac{६\frac{५}{१२}}{३\frac{२}{३}} \text{ या } \frac{५}{३}\times\frac{१३}{१६}+\frac{६\frac{२}{३}}{१\frac{२}{३}}\times\frac{१९}{२०}-\frac{७}{३}\times\frac{६\frac{५}{१२}}{३\frac{२}{३}}$$

हल — चूंकि $\frac{३}{५}\times\frac{१३}{१६}-\frac{१\frac{२}{३}}{१\frac{३}{५}}\times\frac{१९}{२०}+\frac{३}{७}\times\frac{६\frac{५}{१२}}{३\frac{२}{३}} = \frac{३९}{८०}-\frac{१}{१}\times\frac{१९}{२०}-\frac{३}{७}\times\frac{७}{४}$
$= \frac{३९}{८०}-\frac{१९}{८०}+\frac{३}{४}=१$

और $\frac{५}{३}\times\frac{१३}{१६}+\frac{६\frac{२}{३}}{१\frac{२}{३}}\times\frac{१९}{२०}-\frac{७}{३}\times\frac{६\frac{५}{१२}}{३\frac{२}{३}} = \frac{६५}{४८}+\frac{४}{१}\times\frac{१९}{२०}-\frac{७}{३}\times\frac{७}{४}$;

$\frac{६५}{४८}+\frac{७६}{२०}-\frac{४९}{१२} = १\frac{१७}{४८}+३\frac{४}{५}-४\frac{१}{१२} = \frac{१३}{४८}+\frac{४}{५} = \frac{६५+१९२}{२४०} = \frac{२५७}{२४०}$
$= १\frac{१७}{२४०}$ इसलिये दूसरा बड़ा है

(२९) साबित करो कि अगर किसी भिन्न के अंश और हर को एकही अदद से गुणा दें या दोनों में किसी अदद का भाग दें तो भिन्न की क़ीमत नहीं बदलती

हल — मसलन् भिन्न के $\frac{२}{३}$ के अंश और हर को ५ से गुणा करने से भिन्न $\frac{१०}{१५}$ हासिल होता है यह भिन्न असल भिन्न यानी $\frac{२}{३}$ के बराबर है क्योंकि भिन्न $\frac{२}{३}$ के यह मानी हैं कि इकाई के तीन बराबर हिस्से किये गये हैं और वैसेही दो हिस्से भिन्न बनाने के लिये लिये गये हैं और भिन्न $\frac{१०}{१५}$ के यह मानी हैं कि इकाई के १५ बराबर हिस्से किये गये हैं और ऐसे १० हिस्से भिन्न बनाने के लिये लिये गये हैं पस दूसरे भिन्न में जो हिस्से लिये गये हैं उनकी तादाद उन हिस्सों की तादाद से जो पहले भिन्न में लिये गये हैं ५ गुनी है लेकिन दूसरे भिन्न के ५ हिस्से पहले भिन्न के १ हिस्से के बराबर हैं

इसलिये दूसरे भिन्न के १० हिस्से पहले भिन्न के दो हिस्सों के बराबर हैं और इसलिये $\frac{१}{५} = \frac{२}{१०}$ इसी तरह यह भी साबित हो सकता है कि अगर किसी भिन्न के अंश और हर एकही अदद से बांटे जायं तो जो भिन्न भाग देनेसे हासिल होता है वह असल भिन्न के बराबर है ॥

(३०) गर दीवार की ऊंचाई चौड़ाई से ५ गुनी है और लंबाई उंचाई से ८ गुनी है और वह दीवार १८२२५ घनफुट है तो बताओ उसकी चौड़ाई क्या है-

हल- चूंकि इस दीवार की उंचाई चौड़ाई से ५ गुनी और लंबाई उंचाई से ८ गुनी यानी चौड़ाई से ४० गुनी है- इसलिये इस दीवार के ऐसे २०० बराबर टुकड़े हो सकते हैं जिनकी लंबाई और उंचाई और चौड़ाई बराबर है और चूंकि ऐसे हरएक टुकड़े में $\frac{१८२२५}{२००}$ घनफुट यानी $\frac{७२९}{८}$ घनफुट होंगे इसलिये इस टुकड़े यानी दीवार की चौड़ाई $= \sqrt[३]{\frac{७२९}{८}} = \frac{९}{२}$ फुट यानी ४ फुट ६ इंच जवाब

(३१) $\dfrac{\frac{१}{२}+\frac{१}{३} \text{ का } \frac{१}{४}+\frac{५}{६}}{\frac{१}{१३} \text{ का } (१+५\frac{१}{२})+\frac{५}{६} \text{ का } \frac{१}{२३} \text{ का } (७-२\frac{२}{५})-\frac{१}{३}}$

हल- $\dfrac{\frac{१}{२}+\frac{१}{१२}+\frac{५}{६}}{\frac{१}{१३} \text{ का } ६\frac{१}{२}+\frac{५}{६} \text{ का } \frac{१}{२३} \text{ का } ४\frac{३}{५}-\frac{१}{३}} = \dfrac{\frac{६+१+१०}{१२}}{\frac{१\times१३}{१३\times२}+\frac{५\times१\times२३}{६\times२३\times५}-\frac{१}{३}}$

$= \dfrac{\frac{१७}{१२}}{\frac{१}{२}+\frac{१}{६}-\frac{१}{३}} = \dfrac{\frac{१७}{१२}}{\frac{३+१-२}{६}} = \frac{१७\times६}{१२\times२} = \frac{१७}{४} = ४\frac{१}{४}$ जवाब

(३२) $\dfrac{३·५५-१·८\dot{३}}{६·७-६·\dot{६}} \times \frac{१}{७१} \div \frac{३·१\times·१६६}{२·१५} = \frac{३·५५-१·८\dot{३}}{३·१} \times \frac{१}{७१} \times$

$\frac{७१\times·०१६}{३·१\times·१०१} = \frac{१·७२}{३·३} \times \frac{·०३६}{३·१\times·१०१} = \frac{३·१\times·५\times·०१६}{१·१\times३·१\times·१०१} = \frac{·०१८}{३१·६२१} = \frac{·००५}{·१०१} = ·०५$ [illegible]

(३३) कलकत्ता से इलाहाबाद करीब ५०१ मील है अगर एक कलकत्ते से इलाहाबाद तक ४ इंच के व्यास की [illegible] बिछाई जावे तो कितनी [illegible] और उसकी कीमत अशर्फियों में बताओ

हल- चूंकि ५०१ मील इतने (५०१×१७६०×३×१२) इंच में है [illegible]

∴ बनारस से इलाहाबाद तक (११४१३६० /१२/४) इंच
यानी ८५३२४८० अंगुलियां चाकर दिखेंगी और १८०० भाग
८५३२४८० ÷ १२ यानी ७१११४० हाथ जवाब

(३४) एक मालिक ने एक बाग के ठेके की दरख्वास्त ५००० रु
ने ४८५० रु. की लेकिन दूसरे ठेके में यह बात कहीं कि १०० रु
५०० रु. मिला करेंगे तो बताओ दोनों ठेकों में क्या फ़र्क होगा जब
दोनों हालतों में ५ साल में पूरा हो जाय और रुपये पर १ पैसा
हल- अब अव्वल दफ़ा ५०० रुपया ३ महीने बाद मिलेंगे
३५ रुपये ६ ¼ माल में ठेके दार हासिल होगा

अव्वल	०	३५ रुपया
दोयम	६ महीने	३० रुपया
सोयम	९ महीने	२५ रुपया
चहारम	१२ महीने	२० रुपया
पंजुम	१५ महीने	१५ रुपया
छठे	१८ महीने	१० रुपया
सांतवें	२१ महीने	५ रुपया

कुल ब्याज जो उसको हासिल हो • १४० रुपया
इसलिये इस ठेके दार का ठेका ४८५० + १४० रु. यानी ४९९० रुपये हों
पस मालूम हुआ फ़र्क = (५००० − ४९९०) = १० रुपया जवाब

(३५) एक लड़के को मेवा फ़रोश २ नारियल या १२ ... १४ ...
लड़के ने नारियल लिये और फिर उनको इस तरह बदला कि १ ना...
की ५ नाशपाती लीं फिर दो नाशपाती के बदले ५ सेब फिर ३ सेब की
२ नारंगियां फिर १ नारंगी के बदले २१ अखरोट लिये और ५ अखरोट
रूदों के बदले आते हैं तो बताओ जो वह लड़का अमरूद लेता तो
...ल लेने की बनिस्बत नुकसान में रहता या फ़ायदे में
२ नारियल = १० नाशपाती या १४ अमरूद = २५ सेब = $\frac{२५×२}{३}$ नारंगी
यानी $\frac{१४×२×२५}{३}$ अखरोट = $\frac{२५×२×१५×२}{३×५}$ अमरूद = १४० अमरूद

वह १४४ - १४० = ४ अमरूदों के नुक़सान में रहा ॥

(३६) एक संख्या को दो हिस्सों में इस तरह बांटो कि पहले हिस्से के १० गुने को दूसरे हिस्से के १८ गुने में जोड़ा तो योग फल १५ गुना कुल संख्या से है

हल - चूंकि १० गुना पहले हिस्से का और १८ गुना दूसरे हिस्से का १५ गुने पहले हिस्से और १५ गुना दूसरे हिस्से के बराबर है

∴ (१५-१०) गुना पहले हिस्से का बराबर है (१८-१५) गुने दूसरे हिस्से के यानी ५ गुना पहले हिस्से का बराबर है ३ गुने दूसरे हिस्से के या एक हिस्सा = दूसरे के ३/५ के यानी पहले हिस्से : दूसरे हिस्से :: ३ : ५ पस हिस्से ३/८ ५/८ कुल के हैं

दूसरा तरीका

१० गुना पहले हिस्से का १८ गुना दूसरे हिस्से का = १५ गुने दोनों के १० ,, १० ,, १०

∴ ८ गुना दूसरे हिस्से का = ५ गुना पहले हिस्से का यानी दूसरा ५/८ कुल का है और पहला ३/८ कुल का है

(३७) ११ हज़ार ११ सौ ११ ९० किरोड़ साढ़े तीन लाख सवा सौ १८ खर्ब डेढ़ किरोड़ पौने दो सौ ९९ हज़ार ९९ सौ ९९ इन सब को संख्याओं में लिखो

हल - ११००० + ११०० + ११ = १२१११

९००००१०० + ३५०००० + १२५ = ९०३५०१२५

१८०००००००००० + १५०००००० + १२५ = १८०१५०११२५

९९००० + ९९०० + ९९ = १०८९९९

(३८) १४ रु० ३ आदमियों में इस तरह बांटो कि एक को २ रु० ज़ियादा मिलें

हल - बाक़ी रुपया = १४ - २ = १२ रुपया

पहले और दूसरे में से हरएक को १२ ÷ ३ = ४ रु० और तीसरे को ४ + २ = ६ रु०

(३९) १६ मन हलदी की क़ीमत से ११ मन हलदी की क़ीमत ९५ रु० कम है तो हलदी का भाव बताओ।

हल - चूंकि १६ मन - ११ मन = ५ मन

चूंकि ५ मन की क़ीमत ९५ रुपये है ∴ एक मन हलदी की क़ीमत = ९५ ÷ ५ = १९

(४०) नौ नौ के चार अंक ऐसे लिखो जो सौ के बराबर हों

हल - चूंकि अव्वल ९९ को लिखा इसमें दो नौ नौ के अंक होगा है...

∴ बनारस से इलाहाबाद तक (१०१×१७६०×४१२×५) यानी ८५३२४८० अशर्फियां बराबर बिछेंगी और इनकी ८५३२४८० ÷ ३२ यानी २६६६४० होंगी जवाब

(३४) एक शख्स ने एक काम के ठेके की दरखास्त ५०००) ने ४८५० रु० की लेकिन दूसरे ठेके में यह बात ठहरी कि ५०० रु० मिला करेंगे तो बताओ दोनों ठेकों में क्या फ़र्क होगा जब दोनों हालतों में २ साल में पूरा हो जाय और रुपये पर ... ब्याज

हल- जब अव्वल दफ़ा ५०० रुपया ३ महीने बाद मिलेंगे ३५ रुपये २ ¾ साल में ठेके दार हासिल करेगा

अव्वल	०	३५ रुपया
दोयम	६ महीने	३० रुपया
सोयम	९ महीने	२५ रुपया
चहारुम	१२ महीने	२० रुपया
पंजुम	१५ महीने	१५ रुपया
छठे	१८ महीने	१० रुपया
सातवें	२१ महीने	५ रुपया

कुल ब्याज जो उसको हासिल हो • १४० रुपया

∴ इस ठेके दार का ठेका ४८५० + १४० रु० यानी ४९९० रुपये का है पस मालूम हुआ फ़र्क = (५००० − ४९९०) = १० रुपया जवाब

(३५) एक लड़के को सेब फ़ी आ २ नारियल या १२ दर्जन अमरूद ... लड़के ... नारि... लिये और फिर उनको इस तरह बदला ... को ५ नाशपाती ली फिर दो नाशपाती के बदले ५ सेब फिर ३ सेब के बद... २ नारंगियां फिर १ नारंगी के बदले २१ अखरोट लिये और ५ अखरोट ... रूदों के बदले पाते हैं तो बताओ जो वह लड़का अमरूद लेता तो ... ल लेने की ब निस्बत नुकसान में रहता या फ़ायदे में

उ॰ नारियल = १० नाशपाती या १४९ अमरूद = २५ सेब = $\frac{२५×२}{३}$ नारंगी ५ गुने $\frac{१×२×२५}{३}$ अखरोट = $\frac{२५×२×१५×२}{३×५}$ अमरूद = १५० अमरूद



लिखा इसमें भी दो नौनौ के अंक है लेकिन जब किसी भिन्न का [illegible]
बराबर होता है तो वह बराबर एक के होता है ∴ $\frac{९}{९}$ = १
∴ १०० = ९९ + १ यानी ९९ $\frac{९}{९}$ जवाब

(४१) एक आदमी २७ मील का सफ़र इस तरह से करता [illegible]
कि ३ घन्टे चलकर १ घंटे आराम करता है तो बताओ कि [illegible]
में वह मंज़िल पूरी करेगा जबकि ४ मील फ़ी घन्टे की चाल है

हल - चूंकि ४ मील फ़ी घन्टे की चाल से ३ [illegible] में १२ मील
१ घंटे आराम किया - ∴ १२ मील के चलने में कुल ४ घंटे लगे
∴ २४ मील के चलने में ८ घन्टे लगे और ३ मील के चलने में $\frac{३}{४}$ घंटा लगा
∴ कुल २७ मील के चलने में ८ $\frac{३}{४}$ घंटे लगे.

(४२) एक आदमी के पास ३ रोटी दूसरे के पास ५ रोटी [illegible]
बैठे तो तीसरा और आगया तीनों ने बराबर २ तीसरे ने चलते वक्त [illegible]
ये तो हरएक को क्या मिलेगा

हल - चूंकि दोनों की रोटियों का योग = ३+५=८ लेकिन ये रोटी [illegible]
नो आदमियों में नहीं बट सकी हैं ∴ हरएक रोटी के तीन बराबर २ टुकड़े करडो
∴ दोनों की रोटियों के टुकड़ों का योग = ९+१५=२४
∴ हर एक आदमी ने जो रोटियों के टुकड़े खाये उनकी तादाद = २४ ÷ [illegible]
∴ तीसरे आदमी ने पहले आदमी की रोटियों का १ टुकड़ा और दूसरे [illegible]
रोटियों ७ टुकड़े खाये - और चूंकि ८ टुकड़ों की कीमत २ आने [illegible]
∴ १ टुकड़े की क़ीमत = $\frac{३२}{८}$ यानी ४ पाई - और ७ टुकड़ों की क़ीमत = ४×७ = २८ पाई
∴ पहले को ४ पाई और दूसरे को २८ पाई मिलनी चाहिये

(४३) दो तिहाई का पौना और आधा बटा डेढ़ का तीन और सवा बटे डेढ़ [illegible]
बटे सवा और आधा बटा पौन का डेढ़ बटा तीन यह तमाम बटा [illegible]
तिहाई के आधे पर इन भिन्नों को अंकों में लिखो

हल - $\frac{२}{३}$ का $\frac{३}{४}$, $\frac{१}{२}$ और $\frac{१\frac{३}{४}}{१\frac{१}{२}}$ का $\frac{१\frac{१}{२}}{१\frac{१}{४}}$ का $\frac{१\frac{१}{२}}{१\frac{१}{४}}$ और $\frac{\frac{१}{२}}{\frac{३}{४}}$ का $\frac{१\frac{१}{२}}{३}$

(४४) अ के पास १५ नारंगियां और बे के पास कुछ नारंगियां थीं जब वह दोनों खाने को बैठे तब से तीसरा और शामिल हो गया और उन तीनों ने बराबर २ बांट कर खाली से ने जो नारंगियां खाई थीं उनकी क़ीमत में २१ पैसे अ को और ३ पैसे बे को दिये तो बताओ बे के पास कितनी नारंगियां थीं

हल- चूंकि अ ने २४ पैसे की आप खाई और २१ पैसे की से के हाथ बेंच दीं इसलिये उसके पास (२१+२४ यानी ४५ पैसे की नारंगियां थीं लेकिन यह ४५ पैसे उन १५ नारंगियों की क़ीमत है जो अ के पास थीं इसलिये ३ पैसे एक नारंगी की क़ीमत हुई-

और बे ने २४ पैसे की आप खाई और ३ पैसे की से के हाथ बेंच दीं इसलिये उसके पास (२४+३) यानी २७ पैसे की नारंगियां थीं

३ पैसे : २७ पैसे :: १ नारंगी : चाही हुई नारंगियां

∴ चाही हुई नारंगियां = $\frac{२७×१}{३}$ = ९ नारंगियां पस बे के पास ९ नारंगियां थीं

(४५) अ और बे के कामों में ३ $\frac{१}{२}$: ५ का संबन्ध है और दोनों मिलकर ८ $\frac{३}{४}$ दिन में करते हैं तो अलग २ कितने २ दिनों में करेंगे-

हल- चूंकि अ और बे के कामों में ३ $\frac{१}{२}$: ५ का संबंध है ∴ एक एक दिन का काम = $\frac{२}{७}$, $\frac{१}{५}$ ∴ दोनों का एक एक दिन के काम का योग = $\frac{२}{७}+\frac{१}{५}=\frac{१७}{३५}$

चूंकि दोनों मिलकर उस काम को ८ $\frac{३}{४}$ दिन में करते हैं ∴ एक दिन का काम = $\frac{४}{३५}$

$\frac{४}{३५} : \frac{१७}{३५} :: \frac{७}{२} = \frac{१७×७×३५}{४×३५×२} = \frac{११९}{८} = १४\frac{७}{८}$ दिन

$\frac{४}{३५} : \frac{१७}{३५} :: ५ = \frac{५×१७×३५}{४×३५} = \frac{८५}{४} = २१\frac{१}{४}$ दिन

पस अ १४ $\frac{७}{८}$ दिन में और बे २१ $\frac{१}{४}$ दिन में करेंगे जवाब

(४६) अ और बे एक मटका घी १० दिन में खाते हैं दोनों ने मिलकर ४ दिन तक खाया फिर अ चला गया और बे अकेले ने २१ दिन में खाया तो दोनों अलग २ कितने दिन में खायंगे- हल- १०-४ = ६ दिन का मिला हुआ

६ दि० मि० : १० दि० मि० :: २१ दि० : चाहे हुए खाने से ∴ चाहा हुआ खाना = $\frac{१०×२१}{६}$ = ३५ दि०

३५-१० = २५ दिन ∴ बे २५ दि० काम : ३५ दि० बे :: १० दि० अ : चाहे हुए दिनों से

∴ चाहे हुए दिन = $\frac{३५×१०}{२५}$ = १४ दिन जवाब

(४७) मुझको किसी जगह पर मुक़र्रर वक़्त पर पहुंचना है अगर मैं ४ मील फ़ी

घंटा चलूं तो मुझको ५ मिनट की देर हो जायगी और अगर ५ फी घन्टा चलूं तो १० मिनट पहले पहुंचूं तो बताओ मुझको कितने मील जाना है

हल- फर्ज़ करो कि दूरी १ है $\frac{१}{४}$ − ५ मि॰ = $\frac{१}{५}$ + १० मिनट
∴ ($\frac{१}{४}$ − $\frac{१}{५}$) = १० + ५ = १५ मि॰ = $\frac{१}{४}$ घंटा ∴ $\frac{१}{२०}$ दूरी = $\frac{१}{४}$ ∴ दूरी = ५ मील जवाब

(४८) ६१५२३४३७५ को ५, १५, २५, ३५, ७५, १२५ से अलग २ गुणा और आसान कायदे से गुणा करो॰

हल- ६१५२३४३७५×५ = ६१५२३४३७५०÷२ = ३०७६१७१८७५ गुणनफल

∴ १५ = १० + ५ = १० + १० ÷ २

६१५२३४३७५×१० = ६१५२३४३७५०
६१५२३४३७५०÷२ = ३०७६१७१८७५
                ९२२८५१५६२५

∴ २५ = १०० ÷ ४

६१५२३४३७५×२५ = ६१५२३४३७५००÷४
= १५३८०८५९३७५ गु॰

∴ ३५ = २५ + १०

(६१५२३४३७५×२५) = १५३८०८५९३७५००÷४
= ३८४५२१४८४३७५

६१५२३४३७५×१० = ६१५२३४३७५०
                ३७८३६९१४०६२५ गु॰

∴ ७५ = १०० − २५

६१५२३४३७५×१०० = ६१५२३४३७५००
६१५२३४३७५×२५ = ६१५२३४३७५००÷४
= १५३८०८५९३७५
  ४६१४२५७८१२५ गुणन॰

∴ १२५ = १००० ÷ ८

६१५२३४३७५×१२५ = ६१५२३४३७५०००÷८
= ७६९०४२९६८७५ गु॰

(४९) क और ख मिलकर एक काम को ४ दिन तक करते रहे बाद ४ दिन के क बीमार होगया ख ने बचे हुए काम को १० दिन में करलिया अगर ख बीमार होता तो क १५ दिन में कर लेता तो कुल काम को अलग २ कितने दिनों में करेंगे

हल- चूंकि क और ख उस बचे हुए काम को १० और १५ दिन में कर लेते हैं

∴ एक एक दिन का काम = $\frac{१}{१०}$, $\frac{१}{१५}$ ∴ दोनों का मिला हुआ एक एक दिन का काम = $\frac{१}{१०}+\frac{१}{१५}=\frac{५}{३०}$ यानी $\frac{१}{६}$ काम — चूंकि $\frac{१}{६}$ काम एक दिन में होता है

∴ कुल काम ६ दिन में खतम होगा ∴ कुल मिला हुआ काम = ६+४ = १० दिन

६ मि॰ : १० मि॰ :: १० मि॰ वे : चाहे हुए दिनों से

∴ चाहे हुए दिन वे के = $\frac{१०\times१०}{६}=\frac{५०}{३}=१६\frac{२}{३}$ दिन

६ मि॰ : १० मि॰ :: १५ मि॰ खे : चाहे हुए दिनों से

∴ खे के चाहे हुए दिन = $\frac{१५\times१०}{६}=\frac{५०}{२}=२५$ दिन

(५०) २५०५०९५ में ५ का और इतने ही में २५ का और इतने ही में १२५ का भाग दो

हल — ∴ २५०५०९५ ÷ ५ = (२५०५०९५×२) ÷ १०
= ५०१०१९० ÷ १० = ५०१०१९

∴ २५०५०९५ ÷ २५ = (२५०५०९५×४) ÷ १००
= १००२०३८० ÷ १०० = १००२०३ बाकी ८०

८० ÷ ४ = २० यही असली बाकी है

२५०५०९५ ÷ १२५ = (२५०५०९५×८) ÷ १०००
= २००४०७६० ÷ १०००
= २००४० बाकी ७६०

∴ ७६० ÷ ८ = ९५ यही असली बाकी है

(५१) ७३०० आदमियों की ऐसी चार पल्टनें बनाओ कि पहले के $\frac{१}{२}$ दू॰ $\frac{२}{३}$ ती॰ $\frac{३}{४}$ चौथे के $\frac{४}{५}$ आदमी बराबर हों।

हल — चूंकि ज़ाहिर है कि उन पल्टनों के आदमियों में $१\div\frac{१}{२}$, $१\div\frac{२}{३}$ व $१\div\frac{३}{४}$, $१\div\frac{४}{५}$ या २, $\frac{३}{२}$, $\frac{४}{३}$, $\frac{५}{४}$ या २४, १८, १६, १५ की निस्बत है

∴ २४+१८+१६+१५ = ७३ , ७३०० ÷ ७३ = १००

∴ पहली पल्टन के आदमियों की तादाद = २४×१०० = २४००

∴ दूसरी पल्टन के आदमियों की तादाद = १८×१०० = १८००

∴ तीसरी पल्टन के आदमियों की तादाद = १६×१०० = १६००

∴ चौथी पल्टन के आदमियों की तादाद = १५×१०० = १५००

(५२) ९९९९ के घन में ९९९९ के वर्ग का भाग दो

हल — $\frac{९९९९\times९९९९\times९९९९}{९९९९\times९९९९}$ = ९९९९ जवाब

(६९) १३२६ ४१·००६५२७ $\frac{२९}{१६}$ का वर्गमूल निकालो

हल् १३२६४१ (३६१ उ०

६७) ४२६
४८६
७४१) ७४१
७४१

··०६५०(·२५२६८ उ०
४
४५) २४५
२४५
५०२) २५००
१००४
५०४६) ४९६००
४५४४१
५०५२८) ४१५८००
४०४२०४
१११९६

$\sqrt{७\frac{२९}{१६}} = \sqrt{\frac{१२१}{१६}} = \frac{११}{४} = २\frac{३}{४}$ उ०

(७०) एक आदमी अपने ५ बेटों को ३७५० रुपये नक़द और ४ फ़ी सैकड़ा की दरसे जिसमें से हरएक १५१ रु० का था और एक का २ महीने और दूसरे का ३ महीने पीछे पटना चाहिये था देकर बड़े बेटे को... देने कह गया बड़े बेटे ने सब अपने क़ब्ज़े में कर के अपना भाग निकाल और बाक़ी नक़द को सबने बराबर बांट लिया तो हरएक का भाग...

हल्- चूंकि ४ रु० सैकड़े की दर से दो महीने का ब्याज $= ४ \times \frac{२}{१२} = \frac{२}{३}$

और ३ महीने में $४ \times \frac{३}{१२} = १$ रु० $\therefore \left(\frac{१००}{१००\frac{२}{३}} \times १५१\right) + \left(\frac{१००}{१०१} \times १५१\right) = \left(\frac{३००}{३०२}\right.$ $+ \left(\frac{१००}{१०१} \times १५१\right) = १५०$ रु० $+ १४९$ रु० $+ \frac{५१}{१०१} = २९९\frac{५१}{१०१} = २९९$ रु० ८ आ० $\frac{९६}{१०१}$

दोनों के बिलके $\therefore ३७५० + २९९$ रु० ८ आ० $\frac{९६}{१०१}$ पा० $\div ४ = १०१२$ रु० ५...

बड़े बेटे के भाग के

और $\frac{४०४९ \text{ रु० ८ आ० } \frac{९६}{१०१}}{४} = ७५९$ रु० ४ आ० ६ $\frac{१८}{१०१}$ पाई बाकी ...

में से हरएक के भाग के

(७१) एक सेर शक्कर और ३ सेर चांवल की क़ीमत ९ आने है और जब चां... की क़ीमत ५० फ़ी सदी और शक्कर की क़ीमत १० फ़ी सदी अधिक होते तो दो... नों की क़ीमत ७ आने होते तो दोनों के अलग दाम क्या हैं

हल्- चूंकि बढ़ की १ सेर $\times \frac{१००+१०}{१००}$ शक्कर $+ ३$ सेर $\frac{१००+५०}{१००}$ चांवल $= ११$ ...

शक्कर $+ ४\frac{१}{२}$ चांवल

पर चूंकि   १ सेर शकर + ३ सेर चांवल की क़ीमत = ६ आना | पहले को ३ गुना और
और १ $\frac{१}{१०}$ सेर शकर + ४ $\frac{१}{२}$ सेर चांवल की क़ीमत = ७ आना | दूसरे को दो गुना करो
तो ३ सेर शकर + ९ सेर चांवल की क़ीमत = १८ आना | पहले में से दूसरे
∴ २ $\frac{१}{५}$ सेर शकर + ९ सेर चांवल की क़ीमत = १४ आना | को घटाओ
∴ $\frac{४}{५}$ सेर शकर की क़ीमत = ४ आने ∴ १ सेर शकर की क़ीमत = $\frac{४×५}{४}$ आने = ५ आने
∴ ३ सेर चांवल की क़ीमत = ६ आना − ५ आना = १ आना
∴ १ सेर चांवल की क़ीमत = $\frac{१}{३}$ आना = $\frac{१२}{३}$ = ४ पाई

(७२) १०७६८ फ़ीट लंबी सड़क ४६३ फ़ीट ऊंचे पहाड़ पर गई है तो बताओ १५० फ़ीट पर सड़क की क्या उंचाई होगी

हल- चूंकि १०७६८ फ़ी० : १५० फ़ी० :: ४६३ फ़ीट सड़क की उंचाई
∴ सड़क की उंचाई = $\frac{१५०×४६३}{१०७६८}$ = $\frac{३४७२५×२}{५३८४×२}$ = ६ $\frac{२३३१}{५३८४}$

(७३) मोहन-सोहन-राधा ३ सिपाही ७७० कारतूस इस तरह उड़ाते हैं कि जितनी बार मोहन ४ कारतूस उड़ाता है उतनी दफ़े सोहन ३ और उतनी बार राधा ७ तो बताओ हरएक के पास कितने कारतूस होंगे

हल
मो० : सो० :: ४ : ३ और सो० : रा० :: ६ : ७ था
मो० : सो० :: २४ : १८ और सो० : रा० :: १८ : २८
∴ मो० + सो० + राधा = २४ + १८ + २८ = ७० योग ∴ (७७०×२४)÷७० = ११×२४ = २६४
∴ (७७०×१८)÷७० = ११×१८ = १९८ सो० का ∴ (७७०×२८)÷७० = ११×२८ = ३०८ रा० का

(७४) अंगरेज़ी पारा मेटर विलायत गर्मी के अंश पर शून्य और गर्मी की जगह पर १०० अंश मुकर्रर किये गये हैं और फ़ारनहीट धर्मामेटर में विलायत सर्दी के अंश पर ३२ और विलायत गर्मी की जगह पर २१२ अंश लिखे हैं तो बताओ जब फ़ारनहीट पारा मेटर में पारा ९५ अंश पर हो तो अंगरेज़ी धर्मामेटर में किस जगह पर होगा

हल- विलायत गर्मी - विलायत सर्दी = २१२° − ३२° = १८०° फ़ारनहीट पारा मेटर में होंगे और विलायत गर्मी - विलायत सर्दी = १००° − ०° = १००° अंगरेज़ी पारा मेटर में होंगे ∴ १००° अंगरेज़ी = १८०° फ़ारनहीट [illegible]
१०° [illegible] = १८° [illegible] मेटर में विलायत सर्दी [illegible]

∴ १८०° फ़रासीसी : ३६° फ़रासीसी :: १००° अंगरेज़ी : २०° अंगरेज़ी जवाब

(७५) एक हौज़ १० फ़ीट लंबा ८ फ़ीट चौड़ा ६ फ़ीट गहरा है। कितने गेलन शराब समासकती है जबकि शाही गैलन २७७·२७४ घन इंच का हो

हल - हौज़ का घनफल = १०×८×६ = ४८० घनफ़ीट = ८२९४४० घन इंच

∴ गैलन की तादाद = ८२९४४० ÷ २७७·२७४ = २९९१·४८

(७६) २२८७००९२ वर्ग इंच को एकड़ रोड़ पोल के रूप में लाओ

१४४ { १२ | २२८७००९२
 { १२ | १९०५८३६ — ९ प्र० बाक़ी } १०×१२+९ यानी
 ९) १५८८१६ — १० दू० बाक़ी } १२९ वर्ग इंच असली बाक़ी
 ३०१/४) १७६४९ — ५ वर्ग फ़ीट बाक़ी
 ४
 १२१

१२१ { ११ | ७०५८४
 { ११ | ६४१६ — ८ प्र० बाक़ी } ३×११+८ यानी
 ४०) ५८३ — ३ दू० बाक़ी } ४१ पौ० वर्ग गज़ असली बाक़ी ४१
 ४) १४ — २३ पोल बाक़ी १० वर्ग गज़ २ वर्ग फ़ीट ३६ वर्ग इंच
 ३ — २ रोड़

∴ २२८७००९२ वर्ग इंच = ३ ईकड़ २ रोड़ २३ पोल १० वर्ग गज़ ८ वर्ग फ़ीट १२ वर्ग इंच

(७७) ५२० के ऐसे दो हिस्सों में बांटो कि ११८ गुना १ हिस्से का और १२८ गुना दूसरे हिस्से का मिलकर बराबर हो ६३७०० के

हल चूंकि ६३७०० ÷ ५२० = १२२ $\frac{१}{२}$ गुने कुल संख्या के

∴ ११८ गुना पहले हिस्से का मय १२८ गुना दूसरे हिस्से का = १२२ $\frac{१}{२}$ गुने दोनों हिस्सों के

∴ दस गुना दूसरे हिस्से का = ४ $\frac{१}{२}$ गुने पहले हिस्से के

∴ दूसरा हिस्सा = कुल के $\frac{९}{२०}$ यानी $\frac{५२०×९}{२०}$ = २३४ के

और पहला हिस्सा = कुल के $\frac{११}{२०}$ हिस्से यानी $\frac{५२०×११}{२०}$ = २८६ जवाब

(७८) २६३ को ऐसे तीन हिस्सों में बांटो अगर पहले हिस्से का ६ महीने का ब्याज ३ फ़ी सदी सालाना के हिसाब से और दूसरे का ५ महीने का ब्याज ४ फ़ी सदी सालाना के हिसाब से तीसरे हिस्से का ८ महीने का ब्याज ५ फ़ी सदी सालाना के हिसाब से लिया जाय तो सब ब्याज आपस में बराबर हो

हल - चूंकि किसी रक़म का ६ महीने का ब्याज ३ फ़ी सदी सालाना के हिसाब से उस रक़म का

$\frac{\times ३}{\times १००}$ यानी $\frac{९}{४००}$ और किसी रक़म का ५ महीने का ब्याज ४ फ़ीसदी सालाना के हिसाब से उस रक़म का $\frac{५\times ४}{१२\times १००}$ यानी $\frac{१}{६०}$ और किसी रक़म का ब्याज ८ महीने का ५ फ़ी सदी सालाना के हिसाब से उस रक़म का $\frac{८\times ५}{१२\times १००}$ यानी $\frac{१}{३०}$

∴ पहले हिस्से का $\frac{९}{४००}$ = दूसरे हिस्से का $\frac{१}{६०}$ = तीसरे हिस्से का $\frac{१}{३०}$

∴ तीनों हिस्सों का एक दूसरे के साथ क्रम से वही संम्बन्ध है जो $\frac{४००}{९}$ ६० ३० का दूसरे के साथ क्रम से है यानी जो ३६०० ५४० २०० एक दूसरे के साथ क्रम

लेकिन ४०० + ५४० + २७० = १२१०

∴ पहला हिस्सा = $\frac{४००}{१२१०} \times \frac{३६३}{१}$ = १२० और दूसरा हिस्सा = $\frac{५४०}{१२१०} \times ३६३$ = १६२

और तीसरा हिस्सा = $\frac{२७०}{१२१०} \times ३६३$ = ८१

(७९) कुछ रुपये का ब्याज २८०रु. और उसी मुद्दत का मिती काटा २१८ $\frac{३}{४}$ रु. है तो कितना रुपया होगा हल् ब्याज = क़र्ज़ के ब्याज के

∴ मिती काटा = तत्काल धन के ब्याज के ∴ ब्याज − मिती काटा = (क़र्ज़ − तत्काल धन) के ब्याज के − चूंकि ब्याज और मिती काटे का फ़र्क़ बराबर होता है मिती काटे के ब्याज के − यानी (२८० − २१८ $\frac{३}{४}$) रुपये मिती काटे के ब्याज के

∴ ६१ $\frac{१}{४}$ रु. = २१८ $\frac{३}{४}$ रु. के ब्याज के, ∴ ६१ $\frac{१}{४}$: २८० रु. :: २१८ $\frac{३}{४}$ रु. = १००० रुपये

(८०) एक आदमी ने टट्टू ११२रु. १० आना रुपया को मोल लिया अब वह यह चाहता है कि मैं उसको ऐसी क़ीमत पर बेचूं कि अगर उसकी क़ीमत में से १२ $\frac{१}{२}$ सै० कम भी कर दूं तो १२ $\frac{१}{२}$ सैकड़ा मुझे असल क़ीमत पर नफ़ा हो तो वह टट्टू कितने को बेचा चाहता था

हल् १०० : $\frac{३५}{३}$ :: ११२ $\frac{१}{२}$ = $\frac{३५\times २२५}{१००\times ३\times २}$ = $\frac{१०५}{८}$ रु. बिक्री में से कम करके बाक़ी रहे

∴ ८७ $\frac{१}{२}$: $\frac{१०५}{८}$ :: १०० = १५ रुपये को बेचना चाहिये

(८१) ५ रु. सैकड़ा सालाना ब्याज से कुछ रुपये साहूकार से उधार लिये और १२ वर्ष बाद २५० कम दूना मिश्रधन देगया बतलाओ कितना रुपया ले गया था

हल् − १२ साल का ब्याज = १२ × ५ = ६० रु. ∴ मिश्रधन = १०० + ६० = १६० रु.

२०० − १६० = ४० कम − ४० रु. कम : २५० रु. कम :: १०० रुपये

$\frac{२५० \times १००}{४०}$ = ६२५ रुपये जवाब

(८२) ६७२४ रु. १ $\frac{१}{२}$ के वास्ते पटने हैं उनका मिती काटा ३५०रु. है जो फ़ी सदी सैकड़ा

हल् ६७८४-३८४=६४०० मूल धन है और इसका १ $\frac{१}{२}$ बरस का ब्याज ३८४ रु

∴ ६४०० रुपया : १०० रुपया :: ३८४ रुपया

$\frac{३८४\times१००}{६४००}$ = ६ रु० १ $\frac{१}{२}$ बरस का ब्याज हुआ ∴ शाह सूद फी सैकड़ा ४ रु० है

(८३) एक आदमी ने ६१८ रु० २ दफे [illegible] कर्ज़ लिये [illegible] दफा ५) रु० सै० ब्याज ठहरा उसने १० महीने बाद दोनों कर्ज़ों का रुपया दिया [illegible] दोनों का ब्याज मिलकर २२॥) हुआ तो हरएक दफे कितने २ लिये थे॥

हल् – चूंकि पहली रक़म का १० महीने का ब्याज ३ $\frac{१}{२}$ सैकड़ा सालाना के हिसाब से उस रक़म का $\frac{१०}{१२}\times\frac{३\frac{१}{२}}{१००}$ यानी $\frac{७}{२४०}$ है और दूसरी रक़म का १० महीने का ब्याज ५ सैकड़ा सालाना के हिसाब से उस रक़म का $\frac{१०}{१२}\times\frac{५}{१००}$ यानी $\frac{१०}{२४०}$ और दोनों रक़मों का मिला हुआ ब्याज $\frac{२१\frac{३}{४}}{६१८}$ यानी $\frac{१५}{४१२}$ है ∴ पहली रक़म का $\frac{७}{२४०}$ और दूसरी का $\frac{१०}{२४०}$ मिलकर बराबर है दोनों रक़मों $\frac{१५}{४१२}$ के

∴ दूसरी रक़म का $\frac{३}{२४०}$ = है दोनों रक़मों के $\left(\frac{१५}{४१२}-\frac{७}{२४०}\right)$ यानी $\frac{७१६}{४१२\times२४०}$

∴ ६१८ रुपये में दूसरी रक़म का $\frac{३}{२४०}$ बराबर $\frac{७१६}{४१२\times२४०}\times$ ६१८ के

∴ ६१८ रुपये में दूसरी पूरी रक़म $=\frac{७१६\times२४०}{४१२\times२४०\times३}\times६१८=\frac{७१६}{४१२\times३}\times६१८=\frac{७१६\times३}{२\times३}$ $=\frac{७१६}{२}$ = ३५८ रुपये

∴ पहली रक़म बराबर = ६१८ – ३५८ = २६० रु० जवाब

(८४) साबित करो २८ $\frac{७}{८}$, २९ $\frac{१}{६}$ का महत्तम समापवर्त्तक $\frac{७}{२४}$ है और १० $\frac{१}{२}$, ६ $\frac{७}{८}$, ४ $\frac{९}{१०}$ का लघुतम समापवर्त्य ४०४२ $\frac{१}{२}$ है

हल् – = २८ $\frac{७}{८}$, २९ $\frac{१}{६}$ इनकी नवीन भिन्न = $\frac{२३१}{८}$, $\frac{१७५}{६}$

∴ इन नवीन भिन्नों को ऐसी सूरत में लाये जिनका हर एक सा हो = $\frac{६९३}{२४}$, $\frac{७००}{२४}$

∴ इन भिन्नों के अंशों का महत्तम ७ है ∴ इन भिन्नों का महत्तम समापवर्त्तक = $\frac{७}{२४}$

और १० $\frac{१}{२}$, ६ $\frac{७}{८}$, ४ $\frac{९}{१०}$ इनकी नवीन भिन्न = $\frac{२१}{२}$, $\frac{५५}{८}$, $\frac{४९}{१०}$

∴ इन भिन्नों को ऐसी सूरत में लाये जिनका हर एक सा हो = $\frac{४२०}{४०}$, $\frac{२७५}{४०}$, $\frac{१९६}{४०}$

∴ इन भिन्नों के अंशों का लघुतम समापवर्त्य = १६१७०० ∴ लघुतम समापवर्त्य = ४०४२ $\frac{१}{२}$

(८५) मोहन और सोहन की उमरों में अब ८ : ७ की निस्बत है और ३४ वर्ष पहले ५ : ? की निस्बत थी तो बतलाओ कि अब हर एक की उमर क्या है

हल् – इस क़िस्म के सवालों के हल करने में हमेशह याद रहे कि उमरों में

हमेशह फ़र्क़ एकही रहता है मगर उनमें निस्बत बदलती रहती है अब मोहन की उमर को सोहन की उमर से यह निस्बत है जो ९:७ से और ९ है ४$\frac{1}{2}$ गुना (९-७) का और पहले मोहन की उमर को सोहन की उमर से यह निस्बत है जो ५:२ और ५ है १$\frac{2}{3}$ गुना (५-२) का ∴ अब मोहन की उमर ४$\frac{1}{2}$ गुनी मोहन और सोहन की उमरों के फ़र्क़ से है और उसकी पहली उमर १$\frac{2}{3}$ गुनी दूसरी फ़र्क़ से थी

पस मोहन = $\frac{1\frac{2}{3}}{4\frac{1}{2}}$ यानी $\frac{10}{27}$ उमर हाल की ∴ $\frac{17}{27}$ हिस्से मोहन की हाल के उमर के = ३४ बरस

∴ मोहन की हाल की उमर = ५४ बरस और सोहन की उमर = ५४ का $\frac{7}{9}$ = ४२ बरस

(८६) २३७ को ऐसे तीन हिस्सों में तक़सीम करो कि पहले का तिगुना बराबर हो दूसरे के पंच गुने और तीसरे के आठगुने के

हल — चूंकि दूसरे का पंच गुना = पहले के तिगुने के

(१७६) एक खेत में जो ८ ईकड़ २६ पोल २१ $\frac{१}{२}$ गज़ का है ४० टुकड़े ज़मीन के में से हरएक टुकड़े का क्षेत्रफल उस आयत के बराबर है जिसकी लम्बाई ३२ और चौड़ाई १५ $\frac{१}{४}$ गज़ है निकाल लिये गये जितनी ज़मीन खेत की बाक़ी रही उसका क्षेत्रफल ईकड़ पोल और गज़ों में बताओ

हल - चूंकि ज़मीन के हरएक टुकड़े का क्षेत्रफल = ३२×१५$\frac{१}{४}$ = ४८०+८ = ४८८ वर्ग
∴ ४० टुकड़ों का क्षेत्रफल = ४८८×४० = १९५२० वर्ग गज़ यानी ४ ईकड़ ५ पोल
∴ खेत की बाक़ी ज़मीन = ८ ईकड़ २६ पोल २१ $\frac{१}{२}$ गज़ − ४ ईकड़ ५ पोल ८ $\frac{३}{४}$ ग[illegible]
ईकड़ २१ पोल १२ $\frac{३}{४}$ गज़

(१७७) एक वर्ग चमन के चारों तरफ़ ४६ गज़ कटेरा लगा हुआ है जि[illegible] ज़मीन उस कटेरे के अंदर है उसमें बाग़ ४० वर्ग गज़ ज़मीन और मिला[illegible] [illegible] और कुल ज़मीन की शकल वर्गाकार रहे तो बताओ कि कितने गज़ [illegible]

ज़रूरत और पड़ेगी।

हल - चूंकि वर्ग की चारों भुजों का योग ३६ गज़ है
हरएक भुज = ३६ ÷ ४ = ९ गज़ ∴ चमन का क्षेत्रफल = ९×९ = ८१ वर्ग गज़
∴ कुल ज़मीन का क्षेत्रफल = ८१ + ४० = १२१ वर्ग गज़
∴ कुल ज़मीन की एक भुजा की लम्बाई = √१२१ = √११×११ = ११ गज़
∴ कुल ज़मीन की चारों भुजों की लम्बाई = ११ × ४ = ४४ गज़
∴ ४४ − ३६ = ८ गज़ कटहरे की और ज़रूरत पड़ेगी

(१७८) ४ शिलिंग ३ ½ पेंस फ़ी पौन्ड वाली चाय में ३ शिलिंग ७ ½ पेंस फ़ी पौंड वाली चाय इस तौर से मिलाई गई है कि मिली हुई का ७२ फ़ी सदी पहली क़िस्म की चाय है अगर उस मिली हुई की क़ीमत ६ पौंड १६ शिलिंग १० पेन्स है तो उस मिली हुई का वज़न बताओ।

हल - फ़र्ज़ किया कि पहली क़िस्म की चाय ७२ पौन्ड मिलाई ∴ दूसरी क़िस्म की १०० − ७२ = २८ पौंड मिलानी चाहिये ∴ पहली क़िस्म की ७२ पौन्ड चाह की क़ीमत = ४ शिलिंग ३ ½ पेन्स × ७२ = १५ पौन्ड ९ शिलिंग - और दूसरी क़िस्म की २८ पौन्ड चाय की क़ीमत = ३ शिलिंग ७ ½ पेन्स × २८ = ५ पौन्ड १ शिलिंग ६ पेन्स
∴ दोनों क़िस्म की १०० पौन्ड मिली हुई चाय की क़ीमत = १५ पौ॰ ९ शि॰ + ५ पौं॰ १ शिलिंग ६ पेन्स = २० पौ॰ १० शिलिंग ६ पेन्स
∴ २० पौ॰ १० शि॰ ६ पेन्स : ६ पौ॰ १६ शि॰ १० पें॰ :: १०० पौ॰ : चाहा हुआ ज॰
∴ चाहा हुआ जवाब = $\frac{\text{६ पौ॰ १६ शि॰ १० पे॰} \times \text{१००}}{\text{२० पौ॰ १० शि॰ ६ पेन्स}} = \frac{\text{१००}}{\text{३}}$ = ३३ ⅓ पौन्ड

(१७९) दो घड़ियों में ठीक दो वक़्त १ बजा उन घड़ियों में से एक घड़ी फ़ी घन्टा १ मिनट सुस्त चलती है और जब दूसरी घड़ी में २ बजे तो पहली घड़ी में २ पा ३ मिनट गुज़र गये थे तो बताओ कि दूसरी घड़ी फ़ी घन्टे कै मिनट सुस्त चलती है

हल - ज़ाहिर है कि दूसरी घड़ी पहली घड़ी से फ़ी घन्टा ३ मिनट सुस्त चलती है और पहली घड़ी फ़ी घन्टा १ मिनट सुस्त असली वक़्त से चलती है अब पहली घड़ी में ६३ मिनट गुज़रे तब दूसरी घड़ी में ६० मिनट गुज़रे - लेकिन पहली घड़ी ६० मिनट में ५९ मिनट चलती है
∴ ६३ मि॰ : ५९ मि॰ :: ६० मिनट : दूसरी घड़ी जो ६० मिनट में चलेगी

∴ दूसरी घड़ी जो ६० मिनट में चलेगी = $\frac{५६\times६०}{६३} = \frac{११२०}{२१}$ ५६$\frac{५}{२१}$ मिनट

∴ दूसरी घड़ी फी घन्टा ६०−५६ $\frac{४}{२८}$ यानी ३ $\frac{१७}{२१}$ मिनट सुस्त चलेगी

(१८०) एक कर्नैल ने अपनी फौज को एक भरे हुए वर्गाकार में पूरा भर कर १०० आदमी बच रहे और जब उसमें वर्ग के अनुसार हर सतर में एक एक आदमी और बढ़ा दिया गया तो वर्ग के पूरे होने में ४१ आदमी कम तो बताओ कुल फौज कितनी है

हल - वर्गान्तर = १००+ ४१ = १४१ भुजों का अन्तर = १ ∴ भुजों का योग = $\frac{१४१}{१}$

∴ पहले वर्ग की भुज = $\frac{१४१-१}{२} = \frac{१४०}{२}$ = ७०

∴ कुल आदमियों की तादाद = ७०×७०+ १०० = ५००० जवाब

(१८१) $\frac{७३}{५१२}$ और $\frac{१}{४०९६}$ को दशमलव के रूप में और ·०८२५ और ·०८२$\dot{५}$ को भिन्न की सूरत में और ५ रु० के ·७३१२५ का मान बतलाओ

हल - $\frac{७३}{५१२} = \frac{८\times९}{८\times८\times८} = \frac{९}{८\times८} = \frac{९}{६४}$ = ·१४०६२५ जवाब अव्वल

$\frac{१}{४०९६}$ = ·०००२४४१४०६२५ ज० दोयम ·०८२५ = $\frac{८२५}{१००००} = \frac{१६५}{२०००} = \frac{३३}{४००}$ ज० तीसरा

·०८२$\dot{५}$ = $\frac{८२५-८२}{९०००} = \frac{७४३}{९०००}$ जवाब चौथा

५ रु० × ·७३१२५ = ३·६५६२५ रु० = ३ रु० १० आ० ६ पाई जवाब

(१८२) ·०११, १·१, १·०१ और ·०१०१ को और ·०१३, १·६, ·००७, ३·०५ को आपस में गुणा करो

हल -

```
   ·०११
   १·१
  -----
  ·०१२१
   १·०१
  -----
    १२१
  १२१
  -------
  ·०१२२२१
  ·०१०१
  -------
    १२२२१
  १२२२१
  ---------------
  ·०००१२३४३२१ ज० अव्वल
```

```
   ·०१३
   १·६
  -----
    ७८
   १३
  -----
  ·०२०८
  ·००७
  --------
  ·०००१४५६
  ३·०५
  --------
     ७२८०
   ४३६८
  -----------
  ·०००४४४०८० ज० दोयम
```

(१८३) ·००१२८ में ८·०६४ का और १८१·३ में ·००० ३७ का भाग दो और ·४ का वर्ग मूल निकालो

और तीसरे का ६ रुपया - चूंकि पहले हिस्से का ३ बरस का सूद ४ फ़ी सदी
यानी सूद के हिसाब से = ३×४=१२, १००+१२=११२ मय सूद
∴ असल पहले हिस्से का = ११२ : १ :: १०० : चाहे हुए असल से
∴ चाहा हुआ असल = $\frac{१००×१}{११२}$ = $\frac{२५}{२८}$ और चूंकि दूसरा हिस्सा २ बरस ५ फ़ी
सदी सालियाना सूद पर रहा ∴ दूसरे हिस्से का सूद = ३×५=१५
∴ दूसरे हिस्से का असल मय सूद = १००+१५=११५
∴ दूसरे हिस्से का असल = ११५ : २ :: १०० : चाहे हुए असल से ∴ चाहा हुआ असल
= $\frac{१००×२}{११५}$ = $\frac{४०}{२३}$ और चूंकि तीसरा हिस्सा २ बरस के लिये २½ फ़ी सालियाना सूद
पर रहा ∴ सूद = २×२½ = ५, १००+५=१०५ ∴ तीसरे का असल = १०५ : ६ ::
१०० : चाहे हुए असल से ∴ चाहा हुआ असल = $\frac{६×१००}{१०५}$ = $\frac{४०}{७}$
∴ तीनों हिस्सों का संबंध = $\frac{२५}{२८}$, $\frac{४०}{२३}$, $\frac{४०}{७}$ ∴ योग = $\frac{२५}{२८}$ + $\frac{४०}{२३}$ + $\frac{४०}{७}$ = $\frac{५३७५}{६४४}$
∴ $\frac{५३७५}{६४४}$: $\frac{२५}{२८}$ :: ३०१०० : चाहे हुए पहले हिस्से से
∴ चाहा हुआ पहला हिस्सा = $\frac{३०१००×२५×६४४}{५३७५×२८}$ = $\frac{३०१००×२५×२८×२३}{२१५×२५×२८}$ = $\frac{६९२३००}{२१५}$
$\frac{५३७५}{६४४}$: $\frac{४०}{२३}$ :: ३०१०० : चाहे हुए दूसरे हिस्से से
∴ चाहा हुआ दूसरा हिस्सा = $\frac{३०१००×४०×६४४}{५३७५×२३}$ = ६२७२
$\frac{५३७५}{६४४}$: $\frac{४०}{७}$ :: ३०१०० : चाहे हुए तीसरे हिस्से से
∴ चाहा हुआ तीसरा हिस्सा = $\frac{३०१००×४०×६४४}{५३७५×७}$ = २०६०८ जवाब

(११८) एक मुहर्रिर अव्वल २०० रुपये सालियाना की तनख़्वाह पर नौकर रहा और दूसरे बरस २५० रुपये सालियाना की तनख़्वाह पर और तीसरे बरस ३०० रुपये सालियाना की तनख़्वाह पर इसी तरह हर साल ५० रुपये बढ़ते गये तो बताओ वह कितने बरस नौकरी करे कि उसको यह हासिल हो जो एक वज़ीफ़ा मुक़र्ररा से ५२५ रु० सालियाना उसको हासिल होता है

हल - चूंकि २०७ रु० साल की तनख़्वाह का एक नौकर है लेकिन उसने इतने दिन नौकरी की जिनसे ५२५ रु० साल का हिसाब पड़ गया और हर साल उसकी तनख़्वाह ५० रुपये बढ़ती जाती है
चूंकि पहले साल की ज़ियादती = ५२५ - २०० = ३२५
चूंकि हर साल ५० रुपये तनख़्वाह बढ़ती जाती है ∴ ५२५ की तनख़्वाह का

जब नियत समय यानी एक महीने या १ वर्ष के ख़तम हो जाने पर ब्याज न लिया जावे किन्तु मूलधन में जोड़कर मिले धन पर फिर उसी लेखे से ब्याज लगाया जाय तो उसको ब्याज पर ब्याज कहते हैं-

ब्याज और मिती काटे में यह फ़र्क़ है कि ब्याज मूल धन का सूद है और मिती काटा तत्काल धन का-

(१६०) एक सौदागर कुछ असवाव ख़रीद करके उसमें से आधा १० फ़ी सदी नफ़े से और एक तिहाई $१६\frac{२}{३}$ फ़ी सदी के नफ़े से और बाक़ी $१३\frac{१}{३}$ फ़ी सदी के नुक़सान पर बेंच डालता है अगर उसको कुल नफ़ा ४५ पौन्ड १४ शि० $४\frac{१}{२}$ पेन्स हुआ बताओ उसने कुल असवाव कितने में ख़रीदा था

हल - चूंकि वह सौदागर आधा असवाव १० फ़ी सदी के नफ़े से बेचता है,

∴ उसको आधा असवाब बेंचने में कुल क़ीमत का $\frac{१}{२०}$ हिस्सा नफ़ा हुआ

चूंकि $\frac{१}{३}$ असवाब $१६\frac{२}{३}$ फ़ी सदी के नफ़े से बेंचता है

∴ उसको उसके बेंचने में $\frac{१६\frac{२}{३}}{१००} \times \frac{१}{३} = \frac{१}{१८}$ कुल क़ीमत का नफ़ा हुआ और बाक़ी

बाक़ी $\frac{१}{६}$ असवाब $१३\frac{१}{३}$ फ़ी सदी के नुक़सान पर बेंच डालता है

∴ उसको बाक़ी असबाब के बेंचने में कुल क़ीमत का $\frac{१३\frac{१}{३}}{१००} \times \frac{१}{६} = \frac{४०}{३००} \times \frac{१}{६} = \frac{१}{४५}$ नुक़सान हुआ

∴ उसको कुल असवाब के बेंचने में उसकी क़ीमत का $\frac{१}{२०} + \frac{१}{१८} - \frac{१}{४५} = \frac{१}{१२}$ हिस्सा नफ़ा

∴ कुल असवाब की क़ीमत का $\frac{१}{१२}$ हिस्सा = ४५ पौन्ड १४ शिलिंग $४\frac{१}{२}$ पेन्स

∴ कुल असवाब की क़ीमत = ४५ पौ० १४ शि० $४\frac{१}{२}$ पे० × १२ = ५४८ पौ० १२ शि० ६ पेन्स उ०

(१६१) एक आदमी हवा खाने को घर से निकला और जब उसे १२ मिनट घर से चले हुए गुज़र चुके थे तो उसके नौकर ने जिसकी चाल मालिक की चाल से दूनी थी उसे आ पकड़ा मालिक ने उसे हुक्म दिया कि जिस चाल से आगे चलता रहा अगर मालिक को जिस मुक़ाम पर दूसरी वार नौकर ने पकड़ा वह घर से १ मील है तो बताओ कि मालिक की चाल फ़ी घन्टा क्या थी-

हल - चूंकि नौकर की चाल मालिक से दूनी है इसलिये जितनी दूर मालिक १२ मिनट में चला उतनी दूर नौकर ६ मिनट में चला होगा और जब तक नौकर लौटकर घर पहुंचा तब तक मालिक ६ मिनट और चला अब मालिक नौकर से अपनी

(१९४) हमने कागज़ १ रुपये १३ आने के ५ दस्ते के हिसाब से खरीदा और फिर हमने उसको इस हिसाब से बेचा कि ३२ दस्तों की लागत पर इतना नफ़ा हुआ जितने में हमने ३ बेचे बताओ हमने कागज़ की दस्ता किस हिसाब से बेचा

हल-चूंकि ५ दस्तों की क़ीमत १ रु० १३ आने यानी २९ आने है

∴ १ दस्ते की क़ीमत = $\frac{२९}{५}$ आने है ∴ ३२ दस्तों की क़ीमत $\frac{२९ \times ३२}{५}$ आने है

और इस क़ीमत में ३२ − ३ यानी २९ दस्ते बेचे ∴ एक दस्ते की बिक्री के

= $\frac{२९ \times ३२}{५ \times २९}$ = $\frac{३२}{५}$ = ६ $\frac{२}{५}$ आने

(१९५) अ और वे और से तीनों एक दीवार के बनाने में लगे रहे बाद उसके अ ने काम छोड़ दिया और अ और से ने जो कुछ काम दीवार में बाक़ी रहा था उसे ५ दिन में ख़तम किया अगर अ और वे मिलकर एक दिन में इतना काम करते हैं जितना से तीन दिन में करता है और वे ३ तीन दिन में इतना काम करता है जितना से ४ दिन में करता है तो बताओ कि उस दीवार को अ और वे और से हरएक अकेला कितने २ दिनों में बना सक्ता है

हल- चूंकि अ और वे का एक दिन का काम बराबर है से के ३ दिन के काम के

∴ अ और वे का १० दिन का काम से का ३० दिन का काम

∴ अ और वे और से का १० दिन का काम = से का (३०+१०) यानी ४० दिन का काम

और चूंकि से का ४ दिन का काम = वे का ३ दिन का काम ∴ से का एक दिन का काम = वे का $\frac{३}{४}$ दिन का काम ∴ से का ३ दिन का काम = वे का $\frac{९}{४}$ दिन का काम

लेकिन अ और वे का एक दिन का काम = से का ३ दिन का काम ∴ अ और वे का १ दिन का काम = वे का $\frac{९}{४}$ दिन का काम ∴ अ का एक दिन का काम = वे का ($\frac{९}{४}$ − १) यानी $\frac{५}{४}$ दिन का काम फिर चूंकि वे का ३ दिन का काम = से का ४ दिन का काम

∴ वे का १ दिन का काम = से का $\frac{४}{३}$ दिन का काम ∴ वे का $\frac{५}{४}$ दिन का काम = से का ($\frac{४}{३} \times \frac{५}{४}$) यानी $\frac{५}{३}$ दिन का काम लेकिन अ का १ दिन का काम = से का $\frac{५}{३}$ दिन का काम

∴ अ का ५ दिन का काम = से का $\frac{५ \times ५}{३}$ यानी ८ $\frac{१}{३}$ दिन का काम

∴ अ और से का ५ दिन का काम = से का (८ $\frac{१}{३}$ + ५) यानी १३ $\frac{१}{३}$ दिन का काम

लेकिन अ और वे और से का १ दिन का = से का $\frac{५}{३}$ दिन का काम

∴ अ कुल काम को ($\frac{१६०}{३} \div \frac{५}{३}$) यानी ३२ दिन में करेगा और वे का एक दिन का

∴ $\frac{१२३५}{१२}$: १९२ $\frac{७३}{७२०}$ पौन्ड :: १०० पौन्ड : क़ीमत नक़द अंकों की

∴ क़ीमत नक़द अंकों की = $\frac{१९५१९३ \times १०० \times १२}{१२३५ \times ७२०}$ = १५८ पौन्ड लेकिन इसमें

११ $\frac{१}{९}$ फ़ी सदी नफ़ा भी शामिल है ∴ १११ $\frac{१}{९}$ पौ॰ : १५८ पौ॰ :: १०० पौ॰ : क़ीमत ख़रीद

∴ क़ीमत ख़रीद = $\frac{१५८ \times १०० \times ९}{१०००}$ = $\frac{७११}{५}$ पौन्ड

$\frac{४७५०}{४९}$: $\frac{७११}{५}$ पौ॰ :: १०० : क़ीमत जो सौदागर ने चाही

∴ क़ीमत जो सौदागर ने चाही = $\frac{४९ \times ७११ \times १००}{४७५० \times ५}$ = १४७ पौन्ड

(१९८) दो डोंगियां बाज़ी बदकर दौड़ती हैं और ठीक ३ बजे रवाना होती हैं जिस डोंगी ने बाज़ी जीती वह तीन बजे के बाद ९ $\frac{३}{४}$ मिनट गुज़रने पर मंज़िल पर पहुंच गई और हारने वाली डोंगी ४० गज़ पीछे थी ३ बजे से ९ मिनट बाद हारने वाली डोंगी को मंज़िल पर पहुंचने के लिये ११४० गज़ बाक़ी थे बताओ कि वह दौड़ कै गज़ की थी और जीतने वाली डोंगी के मील फ़ी घन्टा चाल

हल - चूंकि हारने वाली डोंगी ३ बजे के बाद ९ मिनट गुज़रने से ६ $\frac{३}{४}$ मिनट गुज़रने तक यानी २ $\frac{३}{४}$ मिनट में (११४० − ४०) यानी ११०० गज चलती थी

∴ $\frac{११}{४}$ मि॰ : $\frac{२७}{४}$ मि॰ :: ११०० ग॰ = $\frac{२७ \times ११०० \times ४}{११ \times ४}$ = २७०० गज़

∴ दौड़ = २७०० + ४० = २७४० गज़ की थी

∴ $\frac{३९}{४}$ मि॰ : ६० मि॰ :: $\frac{२७४०}{१७६०}$ मील जीतने डोंगी की चाल

∴ जीतने वाली डोंगी की फ़ी घन्टा चाल = $\frac{६० \times २७४० \times ४}{३९ \times १७६०}$ = ९ $\frac{८३}{८६}$ मील

(१९९) एक महाजन ३ $\frac{१}{२}$ फ़ी सदी सालियाना सूद पर रुपये क़र्ज़ लेता है और सूद साल के आख़ीर में देता है वह उस रुपये को ५ फ़ी सदी सालियाना सूद पर क़र्ज़ देता है और यह शर्त ठहरा लेता है कि सूद हर शिशमाही देना होगा इस लेन देन से वह २००० रुपये सालियाना पैदा करता है बताओ कि वह किस क़दर रुपये क़र्ज़ लेता है

हल - फ़र्ज़ करो कि वह १०० रु॰ क़र्ज़ लेता है ∴ १०० रु॰ का सूद १ वर्ष का ३ $\frac{१}{२}$ रु॰ है और १०० रु॰ का अव्वल शिशमाही का सूद = ५ फ़ी सदी सालियाने के हिसाब से २ $\frac{१}{२}$ रु॰ है

∴ दूसरी शिशमाही के लिये मूल धन = (१०० + २ $\frac{१}{२}$) = १०२ $\frac{१}{२}$ रुपये

∴ दूसरी शिशमाही का सूद = $\frac{१०२\frac{१}{२} \times २\frac{१}{२}}{१००}$ = $\frac{४१}{१६}$ रुपये

कुल सूद जो वह हासिल करता है = ($\frac{५}{२}$ + $\frac{४१}{१६}$) यानी $\frac{८१}{१६}$ रुपया

∴ महाजन का सालियाना नफ़ा = $\frac{८१}{१६} - \frac{७}{२} = \frac{२५}{१६}$ रुपया $\frac{२५}{१६}$: २००० :: १०० रु०
∴ तादाद रुपये जो महाजन क़र्ज़ लेता है = $\frac{२००० \times १०० \times १६}{२५}$ = १२८००० रुपये

(२००) एक दरख़्त पहली साल में १ गज़ बढ़ा और फिर हर साल में पिछले साल की व निस्बत १ इंच कम बढ़ता है वह दरख़्त किसी वक़्त जै गज़ ऊंचा है उतने घनों के बराबर पेन्स उसकी क़ीमत होती है बताओ कि जब दरख़्त का बढ़ना बन्द हो गया तो उस दरख़्त की क्या क़ीमत होगी

हल- दरख़्त की ऊंचाई जब उसका बढ़ना बंद होगया = $\{(३६+१) \div २\} = \frac{३७}{२}$ गज़
∴ दरख़्त की क़ीमत = $\left(\frac{३७}{२}\right)^३$ पेन्स = $\frac{५०६५३}{८}$ पेन्स = २६ पौन्ड ७ शिलिंग ७$\frac{५}{८}$ पेन्स

(२०१) एक टीले की तलहटी से उसकी चोटी तक एक सीधी सड़क बनी हुई है सड़क की दो तिहाई में हर २४ फ़ीट में १ फ़ीट चढ़ाई है और बाक़ी में हर सोलह फ़ीट में १ फ़ीट चढ़ाई है अगर टीले की चोटी तलह से १४०० फ़ीट ऊंची है तो सड़क की लम्बाई बताओ

हल- फ़र्ज़ करो कि यह सड़क ३ फ़ीट लंबी है- चूंकि २४ फ़ीट में १ फ़ीट चढ़ाई है इसलिये २ फ़ीट में $\frac{१}{१२}$ फ़ीट चढ़ाई हुई और १६ फ़ीट में १ फ़ीट चढ़ाई है इसलिये १ फ़ीट में $\frac{१}{१६}$ फ़ीट चढ़ाई हुई
∴ ३ फ़ीट में $\left(\frac{१}{१२} + \frac{१}{१६}\right)$ यानी $\frac{७}{४८}$ फ़ीट चढ़ाई हुई ∴ $\frac{७}{४८}$: १४०० :: ३ फ़ीट : सड़क की लम्बाई
∴ सड़क की लम्बाई = $\frac{१४०० \times ३ \times ४८}{७}$ = २८८०० फ़ीट

(२०२) किसी ख़ास काम को जितने वक़्त में क और ख मिलकर करेंगे उससे दूने वक़्त में ग कर सकेगा और जितने वक़्त में ख और ग मिलकर करेंगे उससे तिगुने वक़्त में क कर सकेगा और तीनों यानी क ख और ग मिलकर ५ दिन में कर सकते हैं बताओ हरएक अलग २ कितने दिनों कर सकेंगे॥

हल- चूंकि क और ख का १ दिन का काम = ग का २ दिन का काम ∴ क और ख का ५ दिन का काम = ग का १० दिन का काम ∴ क ख ग और का ५ दिन का काम = ग का १५ दिन का काम फिर चूंकि ख और ग का १ दिन का काम = क का ३ दिन का काम ∴ ख और ग का ५ दिन का काम = क का १५ दिन का काम
∴ क ख ग का ५ दिन का काम = क का २० दिन का काम और चूंकि ख का १ दिन का काम = $\frac{१}{५} - \left(\frac{१}{१५} + \frac{१}{२०}\right) = \frac{१}{१२}$ ∴ ख कुल काम को १२ दिन में करेगा

(२०३) एक हिन्दुस्तानी रिजमट में १००० से कम सिपाही हैं और ... कि अगर उनको दो दो या तीन तीन या चार चार या पांच पांच या छः छः की कतारें में खड़े करें तो एक सिपाही न बच रहे और उतनी कतारें ... खड़े हो सकते हैं जितने सिपाही उन कतारों में से हरएक कतार ... सो कि उस रिजमट में कितने सिपाही हैं

हल- चूंकि २.३.४.५.६ का लघुतम समापवर्त्य ६० है
∴ सिपाहियों की तादाद $= \left(\frac{६०}{२}\right)^२ = ९००$

(२०४) एक कमरा जिसका फ़र्श आयताकार है ऐसा है कि ... उसकी छत १ फ़ीट ज़ियादा ऊंची होती तो उसकी चारों दीवारों का भीतरी ... ६० वर्ग फ़ीट ज़ियादा होता या अगर कमरा एक फ़ीट ज़ियादा लंबा ... ज़ियादा चौड़ा होता है तो उसकी चारों दीवारों का रकबा ६० वर्गफ़ीट ज़ियादा होता अगर फ़र्श वर्गाकार कर दिया जाता लेकिन कमरे की लम्बाई चौड़ाई का योग वही रहता तो फ़र्श का रकबा ९ वर्ग फ़ीट ज़्यादा हो जाता तो उस कमरे की भीतर की लम्बाई और चौड़ाई और उंचाई दर्याफ़्त करो

हल- चूंकि उस कमरे की उंचाई १ फ़ीट ज़ियादा करने से दीवारों का क्षेत्रफल ६० वर्गफ़ीट बढ़ जाता है ∴ दीवारों का योग = ६० ÷ १ = ६० फ़ीट
∴ लम्बाई चौड़ाई का योग = ६० ÷ २ = ३० फ़ीट
और अगर कमरा वर्गाकार कर दिया जावे तो फ़र्श का क्षेत्र फल ९ वर्गफ़ीट बढ़ जाता है
∴ वर्ग की हरएक भुजा = ३० ÷ २ = १५ फ़ीट ∴ कमरे के फ़र्श का क्षेत्रफल
$= १५^२ - ९ = २२५ - ९ = २१६$ वर्ग फ़ीट लेकिन कमरे की लम्बाई चौड़ाई का योग ३० फ़ीट है
∴ लम्बाई चौड़ाई का अंतर $= \sqrt{३०^२ - (२१६ \times ४)} = \sqrt{९०० - ८६४} = \sqrt{३६} = ६$ फ़ीट
∴ कमरे की लम्बाई $= (३० + ६) \div २ = १८$ फ़ीट और चौड़ाई कमरे की $= (३० - ६) \div २$
$= १२$ फ़ीट - और अगर उस कमरे की लम्बाई और चौड़ाई एक २ फ़ीट ज़ियादा कर दी जावे तो एक ऐसा वर्गाकार कमरा पैदा होगा जिसकी हर एक भुजा १ फ़ीट और दीवारों का क्षेत्रफल ६० वर्गफ़ीट है
∴ कमरे की उंचाई $= \{६० \div (१ \times ४)\} = ६० \div ४ = १५$ फ़ीट

(२०५) $\cfrac{१}{१+\cfrac{१}{२+\cfrac{१}{३+\cfrac{१}{४}}}}$ इस भिन्न को खंडों के घटाने से ध्यान करके हल करो और $\frac{१.\dot{७} \times २९\frac{४}{२५}}{.०००७२९}$ का वर्ग मूल दर्याफ़ करो

हल- $\cfrac{१}{१+\cfrac{१}{२+\cfrac{१}{३+\frac{१}{४}}}} = १\div[१+१\div\{२+१\div(३+१\div४)\}]$

$= १\div[१+१\div\{२+१\div ३\frac{१}{४}\}]$

$= १\div[१+१\{२+१\div\frac{१३}{४}\}]$

$= १\div[१+१\div\{२+\frac{४}{१३}\}]$

$= १\div[१+१\div\frac{३०}{१३}]$

$= १\div[१+\frac{१३}{३०}]$

$= १\div[\frac{४३}{३०}]$

$= \frac{३०}{४३}$ जवाब

(हल) चूंकि $\sqrt{\frac{१.\dot{७}\times २९\frac{४}{२५}}{.०००७२९}} = \sqrt{\frac{\frac{१६}{९}\times\frac{७२९}{२५}}{.०००७२९}}$

$= \frac{\sqrt{\frac{१६}{९}\times\frac{७२९}{२५}}}{\sqrt{.०००७२९}} = \frac{\frac{४}{३}\times\frac{२७}{५}}{.०२७} = \frac{\frac{३६}{५}}{\frac{२७}{१०००}}$

$= \frac{३६\times१०००}{५\times२७} = \frac{८००}{३} = २६६\frac{२}{३}$

(२०६) ८३१६०० के ऐसे गुणक रूप अवयव बताओ जिसके फिर खंडन हो सकें और वह छोटे से छोटा अदद बताओ जिससे उसका गुणन करने से पूरा घन हासिल होवे और ४५०९००४५ के दृढ़ गुणन खंड भी दर्याफ़ करो और वह छोटे से छोटी संख्या बताओ जिससे अगर ४५०९००४५ को गुणा करें तो गुणन फल पूरा वर्ग हो

हल-

२	८३१६००
२	४१५८००
२	२०७९००
२	१०३९५०
३	५१९७५
३	१७३२५
३	५७७५
५	१९२५
५	३८५
७	७७
११	११
	१

और

५	४५०९००४५
३	९०१८००९
३	३००६००३
७	१००२००१
७	१४३१४३
११	२०४४९
११	१८५९
१३	१६९
१३	१३
	१

∴ ८३१६०० के दृढ़ गुणन खंड २,२,२,२,३,३,३,५,५,७,११ हैं फिर चूंकि २×२×२×२×३×३×३×५×५×७×११ $= २\times५\times५\times७\times११\times(२\times३)^३$

और ∴ ४५०९००४५ के दृढ़ गुणन खंड ५,३,३,७,७,११,११,१३,१३ हैं फिर चूंकि ५×३×३×७×७×११×११×१३×१३ $= ५\times(३\times७\times११\times१३)^२$

∴ [illegible] ∴ [illegible]

[illegible] घन फुट [illegible]

१५०११ [illegible]

(२०३) [illegible] घन [illegible] फुट है [illegible] लम्बाई [illegible]

हल- $\sqrt[3]{[illegible]}$ = ३ फुट १ है इंच लगभग

(२०७) [illegible] गोला [illegible] घनाकार बर्तन में [illegible] बर्तन की लम्बाई [illegible]

हल- [illegible] = [illegible]

$\sqrt[3]{[illegible]}$ = ५ फुट ५ है इंच लगभग

(२०८) एक कमरा ४२ फीट लम्बा और ३२ फीट चौड़ा है उसमें कुर्सियां [illegible] फीट चौड़ी २ फीट के फ़ासिले पर रक्खी जावें और पंक्ति में पांच मिलाई [illegible] दर्मियान एक रास्ता ४ फीट चौड़ा बीच में छोड़ दिया जावे और [illegible] लम्बाई में [illegible] छोड़ दी जावे [illegible] कितने आदमी इन कुर्सियों पर बैठेंगे।

हल- कमरे में कुर्सियों की कतारें दो तरह लग सकती हैं कि [illegible] लम्बाई [illegible] या चौड़ाई के समानान्तर कुर्सियां बिछाई जावें - कमरे की चौड़ाई ३२ फीट है ४ फीट बीच के रास्ते के लिये छोड़ दिया तो बाकी २८ फीट में १½ फीट चौड़ी कुर्सियां १८ बिछेंगी और लम्बाई ४२ फीट है जिसमें [illegible] से १½ फीट छोड़ दिया गया [illegible] लम्बाई में यह कतारें ग्यारह कुर्सियों की दो दो फीट के फ़ासिले से $\frac{४५}{२}$ यानी २२

∴ कुल कुर्सियां १८×२२ यानी ३९६ होंगी - और चौड़ाई में कुर्सियां बिछाई [illegible] ४५ फीट में १½ फीट चौड़ी कुर्सियां ४५ ÷ $\frac{३}{२}$ यानी २९ बिछेंगी और चौड़ाई में २८ कुर्सियों की कतारें $\frac{२८}{२}$ यानी १४ बिछेंगी

∴ कुर्सियों की तादाद जो कमरे में बिछेंगी = २९×१४ = ४०६ जवाब

(२०९) एक सवार कासगंज से १० मील उत्तर को मुक़ाम सोरों जाना चाहता है [illegible] का घोड़ा एक घन्टे में एक मील आगे को चलता और दो मील पीछे को लौटता है बताओ कि सोरों तक कितने घन्टे में पहुंचेगा

हल - सवार ने कासगंज से घोड़ा दक्खन को चलाया तो ज़ाहिर है कि एक घंटे में घोड़ा १ मील दक्खन को चला और दो मील सोरों की तरफ़ लौटा यानी [illegible]

से सोरों की तरफ़ एक मील की दूरी के पत्थर पर जो सड़क पर गड़े हुए हैं पहुंचा फिर एक मील वाले पत्थर से एक घन्टे में एक मील दक्खन को चलकर कासगंज आया और दो मील सोरों की तरफ़ लौटकर दूसरे मील के पत्थर पर पहुंचा इससे साफ़ ज़ाहिर है कि सवार फ़ी घन्टे एक मील सोरों की तरफ़ पहुंचता जावेगा इसलिये वह १० मील की दूरी पर यानी सोरों में १० घन्टे में पहुंचेगा

सोरों ——————————————— कासगंज

(२१०) जो क़ासिद ३ घन्टे में ३ मील चलता वह १२ रुपये पाता है तो २ घन्टे में २ मील चलने वाला क़ासिद क्या पावेगा

हल- $\left.\begin{matrix}\text{२ घन्टे}\\\text{२ मील}\end{matrix}\right\} : \left\{\begin{matrix}\text{३ घन्टे}\\\text{३ मील}\end{matrix}\right.$ :: १२ रु० : चाहे हुए रुपयों से

∴ चाहे हुए रुपये = $\frac{३×३×१२}{२×२} = \frac{३×३×२×२×३}{२×२}$ = ३×३×३ = २७ रु०

(२११) एक आदमी सफ़र को जाते वक़्त अपनी गर्भवती बीबी को ७०० रुपये देकर कह गया कि लड़का हो तो ४०० रु० शादी में ख़र्च करना और ३०० रुपये खाने को रखना और लड़की होवे तो ३०० रु० शादी में ख़र्च और ४०० रु० खाने को रखना इत्तफ़ाक़न लड़का और लड़की दोनों पैदा हुए तो बताओ दोनों की शादी में क्या २ ख़र्च करे और क्या खाने को रक्खे

हल- ४०० रु० : ३०० :: ३०० = $\frac{३००×३००}{४००}$ = २२५ रुपये

४०० + ३०० + २२५ = ९२५

९२५ : ७०० :: ४०० = $\frac{७००×४००}{९२५} = \frac{२८००००}{९२५}$ = ३०२ रुपये ११ आ० ८ $\frac{३६}{३७}$ पाई लड़के की शादी में ख़र्च हुए

९२५ : ७०० :: ३०० = $\frac{७००×३००}{९२५} = \frac{२१००००}{९२५}$ = २२७ रु० ० आ० ५ $\frac{९}{३७}$ पा० लड़की

९२५ : ७०० :: २२५ = $\frac{७००×२२५}{९२५} = \frac{१५७५००}{९२५}$ = १७० रु० ४ आने २ $\frac{११}{३७}$ पाई खाने को रखना चाहिये

(२१२) दो आदमी कासगंज और लाहौर से किसी ख़ास दो मुक़ाम के दरमियान में मिलने को रवाना हुए उनमें से एक आदमी ३० मील हररोज़ चलता है और दूसरा १५ मील पहले दिन और १८ मील दूसरे दिन और २१ मील तीसरे दिन यानी हर पिछले दिन से हर अगले दिन ३ मील ज़ियादा चलता है अगर वह आदमी

कासगंज और लाहौर से बराबर दूरी पर मिलते हैं तो बताओ कि वह आदमी कितने दिन चले और कासगंज से लाहौर कितनी दूर है

हल - चूंकि पहला शख्स ३० मील हररोज़ चलता है और दूसरा १५ मील लेकिन वह हररोज़ ३ मील ज़ियादा बढ़ता जाता है

∴ पहले दिन का फ़र्क़ = ३० - १५ = १५ मील लेकिन हररोज़ ३ मील का फ़र्क़ कम होता जायगा - ∴ फ़र्क़ के पूरा होने के दिन = १५ ÷ ३ = ५

और इतने दिन से एक दिन ज़ियादा इस ज़ियादती के पूरा होने में लगेंगे

∴ आपस के मिलने के दिन = ५ + ५ + १ = ११ के

∴ लाहौर से कासगंज की दूरी = (११ × ३०) × २ = ६६० मील

(२१२) एक दूकानदार के पास आठ क़िस्म की जिन्स है यानी २० सेर, ३० सेर, ४० सेर, ५० सेर, ६० सेर, ७० सेर, ८० सेर, और १०० सेर तो बताओ उन जिन्सों को किस निर्ख़ से बेचे कि एकही भाव और बराबर क़ीमत हो

इस सवाल के हल करने के दो क़ायदे हैं

क़ायदा १ पहले हरएक क़िस्म की जिन्स में से एक रुपये की ११ सेर या ७ सेर के भाव से ज़ियादह से ज़ियादा पूरे रुपयों की बेचनी चाहिये फिर बची हुई हर क़िस्म की जिन्स को १ रुपये सेर या ३ रुपये सेर क्रम से बेचना चाहिये तो हर क़िस्म की जिन्स की क़ीमत बराबर हासिल होगी

हल - हर क़िस्म की जिन्सों में से रुपये की ११ सेर के हिसाब से ११ सेर, २२ सेर, ३३ सेर, ४४ सेर, ५५ सेर, ६६ सेर, ७७ सेर, ९९ सेर तरतीबवार

१ रु. २ रु. ३ रु. ४ रु. ५ रु. ६ रु. ७ रु. ९ रु. ज़ियादह से ज़्यादा पूरे रुपयों को बेचें और ९ सेर, ८ सेर, ७ सेर, ६ सेर, ५ सेर, ४ सेर, ३ सेर, १ सेर तरतीबवार बाक़ी रहीं

इस हरएक क़िस्म की बची हुई जिन्स को रुपये सेर के हिसाब से ९ रु. ८ रु. ७ रु. ६ रु. ५ रु. ४ रु. ३ रु. १ रु. तरतीबवार बेच डाली तो हरएक क़िस्म की जिन्स की बराबर क़ीमत दस २ रुपये हासिल हुई

(२१३) एक ज़मींदार ने १५ बीघे ज़मीन अपने ३ लड़कों में इस तरह से बांटी कि पहले लड़के को लम्बाई और चौड़ाई के गज़ों का योग १२० गज़ है और दूसरे को लम्बाई और चौड़ाई के गज़ों का योग ९० गज़ है और तीनों के

लम्बाई चौड़ाई के गट्ठों का योग २१० गट्ठे हैं लेकिन ज़मीन तीनों को बराबर बराबर मिली तो हरएक लड़के के लम्बाई चौड़ाई के गट्ठों की संख्या अलाहिदा अलाहिदा बतलाओ

हल- १५×४०० = ६०००० ६०००÷३ = २०००

∴ पहले की लम्बाई चौड़ाई का अन्तर = √(१२०² - २०००×४) = √६४०० = ८०

∴ लम्बाई पहले लड़के की हिस्से की = (१२०+८०)÷२ = १००
∴ चौड़ाई = (१२०-८०)÷२ = २० } अव्वल

∴ दूसरे लड़के के हिस्से की लम्बाई चौड़ाई का अंतर = √(९०² - २०००×४) = √१०० = १०

∴ दूसरे लड़के के हिस्से की लम्बाई = (९०+१०)÷२ = ५०
∴ चौड़ाई = (९०-१०)÷२ = ४० } दोयम

∴ तीसरे लड़के के हिस्से की लम्बाई चौड़ाई का अन्तर = √(२१०² - २०००×४) = √(४४१००-८०००) = √३६१०० = १९०

∴ लम्बाई = (१९०+२१०)÷२ = ४००÷२ = २००
∴ चौड़ाई = (२१०-१९०)÷२ = २०÷२ = १० } तीसरे

(२१५) एक घोड़ा जितने रुपये को खरीदा उतनेही रुपये सैकड़ा नफ़ा लेकर वह घोड़ा ३९ रुपये को बेच डाला तो असल कीमत बताओ

हल- चूंकि दो राशियों का घात = ३९×१०० यानी ३९००
और उन्हीं का अन्तर = १०० ∴ योग उन्हीं का = √(४×३९००+१००²) = √२५६००
= १६० ∴ घोड़े की असल कीमत = (१६०-१००)/२ = ६०/२ = ३० रुपया

(२१६) अ और ब ने मिलकर एक गाड़ी खरीदने का इरादा किया अ ने ब से कहा कि अगर्चे तुम अपने धन का ३/७ मुझे दे दो तो मैं गाड़ी मोल लेलूं लेकिन ब ने अ से कहा कि अगर्चे तुम अपने धन का २/९ मुझे दे दो तो मैं गाड़ी मोल लेलूं तो बतलाओ हरएक के पास कितना २ धन था और गाड़ी की कीमत क्या थी

हल- ब के ३/७ भिन्न के हर और अंश के अन्तर ४ को
अ के २/९ भिन्न के हर ९ से गुणा किया तो ३६ धन अ का हुआ
और अ के २/९ भिन्न के हर अंश के अंतर ७ को ब के ३/७ भिन्न के हर ७ से गुणा किया तो ४९ धन ब का हुआ

और बचे हुए लड्डुओं के चार बराबर हिस्से किये
... खाये कोई लड्डू बाक़ी न बचा जो कुत्ते को फेंका जाता तो बताओ कि
लड्डू थे और अगर पहले की तरह इस मर्तबे भी एक बचता तो कितने
लड्डू होने चाहिये

हल- ४×४×४×४×३-३ =७६५ लड्डू जवाब, ४×४×४×४×४-३

(२२२) एक गढ़ के चारों कोनों पर १९४० सिपाही रहते थे एक वार जिस कोने
पर थोड़े सिपाही थे उधर दुश्मन आये लड़ने ... तब उस कोने ...
ही थे उतनेही उतने लोग और आगये तीन कोनों पर और वहां से इस दुश्मन
को हटा दिया पर उन सिपाहियों में से आधे सिपाही लड़ाई में मारे गये तब दु-
श्मन दूसरे कोने पर गया वहां भी ऐसाही हुआ और ऐसाही हाल तीसरे और चौथे
कोनों पर हुआ और आख़ीर में बराबर सिपाही होगये तो कहो पहले कोनों पर
कितने २ सिपाही थे॥

हल- फ़र्ज़ करलो कि अन्त में एक एक होगया

$$\therefore १\times२=२,\ \frac{२}{४}=\frac{१}{२}$$

$$\frac{३}{२},\ \frac{३}{२},\ \frac{३}{२},\ \frac{१}{२}$$

$$\frac{९}{४},\ \frac{९}{४},\ \frac{३}{४},\ \frac{५}{४}$$

$$\frac{२७}{८},\ \frac{९}{८},\ \frac{१५}{८},\ \frac{१९}{८}$$

$$\frac{२७}{१६},\ \frac{४५}{१६},\ \frac{५७}{१६},\ \frac{६५}{१६}$$

$$\frac{२७+४५+५७+६५}{१६}=\frac{१९४}{१६},\quad \frac{१९४}{१६}:१९४०::१=\frac{१६\times१९४०}{१९४}=१६०$$

$१:१६०::\frac{२७}{१६}=\frac{१६०\times२७}{१६}=२७०$ सिपाही पहले कोने पर

$१:१६०::\frac{४५}{१६}=\frac{१६०\times४५}{१६}=४५०$ सिपाही दूसरे कोने पर

$१:१६०::\frac{५७}{१६}=\frac{१६०\times५७}{१६}=५७०$ सिपाही तीसरे कोने पर

$१:१६०::\frac{६५}{१६}=\frac{१६०\times६५}{१६}=\frac{६५०}{१}=६५०$ सिपाही चौथे कोने पर

(२२३) एक सौदागर एक हीरे को बेचने को गया तो वहां चार दूकाने बराबर ब
नी हुई थी पहली दूकान पर गया तो वह दूकानदार बोला कि जितना माल मेरी
दूकान में है ... इन तीनों दूकानों का कुल माल मिलकर इसकी क़ीमत
है ... तो वह दूसरी दूकान पर गया तब वह दूकानदार

। बोला कि मेरी दूकान का $\frac{१}{३}$ माल और इन तीनों का कुल माल मिलकर
की कीमत के बराबर है मैं नहीं खरीद सकता तीसरा बोला कि मेरी दूकान
$\frac{१}{४}$ माल और और तीनों दूकानों का कुल माल मिलकर इसके बराबर है
नहीं खरीद सकता चौथा बोला कि मेरी दूकान का $\frac{१}{५}$ माल और तीनों दूकानों
। कुल माल मिलाकर इसका मोल है मैं नहीं खरीद सकता। तो बताओ उस
रे का क्या मोल था और उन चारों दूकानदारों के पास कितना २ माल था
ोर शर्त यह है कि चारों दूकानों में कम से कम पूरे रुपयों का माल हो

हल - चूंकि ऐसे सवालों के अनेक जवाब आ सकते हैं
ज़ाहिर है कि उनके मालों का $\frac{१}{२}$, $\frac{२}{३}$, $\frac{३}{४}$, $\frac{४}{५}$ हिस्से आपस में बराबर हैं
अब यह है कि $१-\frac{१}{२}=\frac{१}{२}$, $१-\frac{१}{३}=\frac{२}{३}$, $१-\frac{१}{४}=\frac{३}{४}$, $१-\frac{१}{५}=\frac{४}{५}$ और
$१\div\frac{१}{२}=२$, $१\div\frac{२}{३}=\frac{३}{२}$, $१\div\frac{३}{४}=\frac{४}{३}$, $१\div\frac{४}{५}=\frac{५}{४}$
$२+\frac{३}{२}+\frac{४}{३}+\frac{५}{४}=\frac{२४+१८+१६+१५}{१२}=\frac{७३}{१२}$
फ़र्ज़ करो कि चारों दूकानों का माल कम से कम ७३ रुपये का है
∴ एक हिस्सा $=७३\div\frac{७३}{१२}=\frac{७३\times१२}{७३}=१२$ रुपये

पहली दूकान में (२×१२) रु॰ यानी २४ रुपया का माल था
दूसरी " " $(\frac{३}{२}\times१२)$ रु॰ यानी १८ रु॰ का माल
तीसरी " $(\frac{४}{३}\times१२)$ रु॰ यानी १६ रु॰ का माल
चौथी " $(\frac{५}{४}\times१२)$ रु॰ यानी १५ रु॰ का माल

(२२४) सात घोड़े और ४ गाय एक खेत की घास १० दिन में चर लेते हैं और ७
घोड़े उसी घास को ५० दिन में चरते हैं तो बताओ कि एक गाय उसी खेत की घास को
कितने दिनों में चरेगी। हल - चूंकि ७ घोड़े एक खेत की घास को ५० दिन में चरते हैं
∴ एक घोड़ा एक खेत की घास को ३५० दिन में चरेगा ∴ एक घोड़ा एक दिन में कुल
खेत की घास का $\frac{१}{३५०}$ हिस्सा चरेगा ∴ ७ घोड़े एक दिन में कुल खेत की घास
का $\frac{७}{३५०}$ हिस्सा चरेंगे लेकिन ७ घोड़े और ४ गाय एक दिन में कुल खेत की घास
का $\frac{१}{१०}$ हिस्सा चरते हैं ∴ ४ गाय एक दिन में कुल खेत की घास का $(\frac{१}{१०}-\frac{१}{५०})$ यानी $\frac{४}{५०}$

(२२५) एक दरख़्त की जड़ से तीन मील पहले से पहले १५० गज़ तक चली गई है
और उसके ऊपर जो सलाखें निकली गई हैं उनमें एक मील में २ $\frac{१}{२}$ फ़ीट का

और दूसरी में ३ $\frac{१}{३}$ फ़ीट का और तीसरी में ४ $\frac{१}{६}$ फ़ीट का फ़ासिला है तो बताओ एक आदमी जो कटेरे के बाहर चले वह तीन सलाखों को एक ही रेखा में कै मर्तबे देखेगा -

हल - चूंकि पहली लैन में २ $\frac{१}{२}$ फ़ीट और दूसरी में ३ $\frac{१}{३}$ फ़ीट और तीसरी में ४ $\frac{१}{६}$ फ़ीट का फ़ासिला है

चूंकि २ $\frac{१}{२}$ - ३ $\frac{१}{३}$ - ४ $\frac{१}{६}$ का लघुतम समाप वर्त्य = ५०

∴ एक लैन की सलाखों को देखने की तादाद = १५० ÷ ५० = ३

∴ तीनों लैनों की सलाखों को देखने की तादाद = ३ × ३ = ९

(२२६) एक व्योपारी ने तीन तरह के जानवर भेंड़ भेंड़ के बच्चे और बकरियां ७८॥) को ख़रीदीं इन जानवरों में भेंड़ के बच्चे तिगुने भेड़ों से थे और बकरियां भेंड़ के बच्चों से दोगुनी थीं और भेंड़ की क़ीमत दूनी और बकरी की क़ीमत $\frac{४}{३}$ भेंड़ के बच्चे की क़ीमत से थी तो बताओ कितने जानवर हरएक तरह के खरीदे थे और हरएक की क़ीमत क्या थी

हल - फ़र्ज़ करो कि एक भेंड़ ली ∴ भेंड़ के बच्चे और ६ बकरियां हुईं क्योंकि भेंड़ से बच्चों की तादाद दूनी और बकरी तिगुनी है अब यह फ़र्ज़ करो कि एक भेंड़ दो आने की ली ∴ बच्चों की क़ीमत ३ आने और बकरियों की क़ीमत ४ आने हुई क्योंकि भेंड़ की क़ीमत बच्चे की क़ीमत से दूनी और बकरी की क़ीमत $\frac{४}{३}$ है

∴ उनकी क़ीमतों में २-३-४ का सम्बंध हुआ

२+३+४ = ९-९ : २ :: ७८ $\frac{३}{४}$ रु० : भेड़ों की क़ीमत से

∴ भेड़ों की क़ीमत = ७८ रु० १२ आने × २ = १७ रु० ८ आने और इसी तरह बकरियों की क़ीमत = $\frac{\text{७८ रु० १२ आने} \times ४}{९}$ = ३५ रुपया

और बच्चों की क़ीमत = $\frac{\text{७८ रु० १२ आने} \times ३}{९}$ = २६ रु० ४ आने

∴ भेड़ और बच्चे और बकरियों की तादाद = १-३-६

(२२७) एक आदमी १००) में १०० जानवर यानी गाय बकरी और भेड़ी ख़रीदना चाहता है जब हरएक गाय की क़ीमत ५॥) आने और हर एक बकरी की क़ीमत ८ आने और हरएक भेड़ की क़ीमत १२ आने है तो बताओ हरएक क़िस्म के कितने२ जानवर ख़रीद सक्ता है

हल - चूंकि हर गाय की क़ीमत ५ $\frac{१}{२}$ रु० और हरएक बकरी की क़ीमत $\frac{१}{२}$ रुपया और हरएक भेड़ की क़ीमत $\frac{३}{४}$ रुपया है

गायों की क़ीमत उनकी तादाद के ५ ३/२ गुने रुपये और रुपयों की क़ीमत उनकी ता
द के आधे रुपये और भेड़ों की क़ीमत उनकी तादाद के १/४ रुपये हैं - लेकिन
यों की क़ीमत और बकरियों की क़ीमत और भेड़ों की क़ीमत मिलकर १०० होनी
लिये ∴ गायों की तादाद का ५ ३/२ गुना और बकरियों की तादाद का आधा और
करियों की तादाद का १/४ मिलकर बराबर है १०० के .
गायों की तादाद का ११ गुना और बकरियों की तादाद और भेड़ों की तादाद
२ गुना मिलकर बराबर है २०० के - लेकिन गायों की तादाद और बकरियों
तादाद और भेड़ों की तादादें मिलकर बराबर १०० के है
यों की तादाद का १० गुना और भेड़ों की तादाद का आधा मिलकर बराबर १०० के
गायों की पूरी तादाद और भेड़ों की तादाद का बीसवां हिस्सा मिलकर बराबर
के है - अब चूंकि हरएक क़िस्म के जानवरों की तादाद एक पूरी संख्या है
भेड़ों की तादाद का बीसवां हिस्सा और गायों की तादाद मिलकर भी एक पूरी
संख्या है ∴ भेड़ों की तादाद का बीसवां हिस्सा भी एक पूरी संख्या है क्योंकि
ई पूरी संख्या और भिन्न मिलकर पूरी संख्या नहीं हो सक्ती
भेड़ों की तादाद २० हो सक्ती है या इसका कोई ऐसा आवर्त्य हो सक्ती है जो
० से कम हो क्योंकि सब क़िस्म के जानवर १०० होने चाहियें
भेड़ों की तादाद २०, ४० या ६० या ८० हो सक्ती है - और गायों की ता
१०५ − २०/२० या (१०० − ४०/२०) या (१०० − ६०/२०) या (१० − ८०/२०) यानी ९, ८, ७, ६
र बकरियों की तादाद १०० − (२० + ९) या (१०० − (४० + ८)
१०० − (६० + ७) या १०० − (८० + ६) यानी ७१, ५२, ३३ या १४ हो सक्ती है
वह आदमी १०० रुपये में १०० जानवर इस तरह ख़रीद सक्ता है
९ गाय और ७१ बकरियां और २० भेड़ें ख़रीदे
। ८ गाय और ५२ बकरियां और ४० भेड़ें ख़रीदे
। ७ गाय और ३३ बकरियां और ६० भेड़ें ख़रीदे
। ६ गाय और १४ बकरियां और ८० भेड़ें ख़रीदे


(२२८) ८७५ रु० का क़र्ज़ा २२५ रु० नक़द और ६६६ रु० ४ पा० की हुंडवी [illegible] महीने की मुद्दत बाक़ी है देने में वे बाक़ हो जाता है बताओ कि [illegible]

हल- चूंकि नक़द रुपया देने के बाद बाक़ी रुपया = ८७५-२२५ = ६५०
∴ ६५० रु० का ६ महीने का व्याज = ६६६ रु० ४ पा० - ६५० रु० = १६ रु० ४ [illegible]
६५० रुपये : १०० रु० :: १६ $\frac{१}{४}$ रु० : सौ रु० के ६ महीने के व्याज
∴ सौ रुपये के ६ महीने का व्याज = $\frac{१००\times६५}{६५०\times४}$ = $\frac{५}{२}$ रुपये
∴ १०० रुपये का एक बरस का व्याज = $\frac{५}{२}$ × २ = ५ रुपये

(२२९) एक आदमी को ६२५ रुपये का क़र्ज़ा अदा करना है उसके बेबाक़ करने में वह १६६ रु० १० आने ८ पाई नक़द और दो हुंडियां देता है जिनमें से एक हुंडवी में ३७५ रुपये की है १० साल की मुद्दत बाक़ी है और दूसरी हुंडवी में ४ साल की बाक़ी है बताओ जब बारोती ५ फ़ी सदी सालाना सा[illegible] दा व्याज के हिसाब से ले ली गई है तो दूसरी हुंडवी कितने रुपये की है

हल- चूंकि सौ रुपये का एक बरस का व्याज ५ रुपये है
∴ सौ रु० का १० साल का व्याज = १०×५ = ५० रु० ∴ १०० का मिश्र धन = १००+५० = १५०
१५० रु० : ३७५ रु० :: १०० : पहली हुंडवी की क़ीमत नक़द
∴ पहली हुंडवी की क़ीमत नक़द = $\frac{३७५\times१००}{१५०}$ = २५० रुपये
∴ नक़द रुपया और पहली हुंडवी की क़ीमत नक़द के बाद बाक़ी रुपया
= ६२५ रु० - (२५० रु० + १६६ रु० १० आने ८ पाई)
= ६२५ रु० - ४१६ रुपये १० आने ८ पाई = २०८ रु० ५ आ० ४ पा० = २०८ $\frac{१}{३}$ रु०
और सौ रुपये का ४ बरस का व्याज = ५×४ = २० रुपया
∴ (१००+२०) यानी १२० रु० की हुंडवी की असल क़ीमत १०० है
१०० : २०८ $\frac{१}{३}$ रु० :: १२० रु० : दूसरी हुंडवी के रु०
∴ दूसरी हुंडवी के रु० = $\frac{६२५\times१२०}{१००\times३}$ = २५० रु०

(२३०) एक गाय चरागाह में एक खूंटी से ७ गज़ की रस्सी से बंधी [illegible] है अब इस रस्सी की लम्बाई दूनी करदी जाय तो बताओ पहली [illegible] ब निस्बत अब कितनी घास ज़्यादा चरेगी




हल- चूंकि रस्सी की लम्बाई ७ गज़ है

∴ रस्सी की दूनी लम्बाई = ७×२ = १४ गज़

∴ चहीफ़ई ज़्यादती = (१४+७)×(१४-७) × $\frac{२२}{७}$

= २१×७× $\frac{२२}{७}$ = ४६२ वर्ग गज़

(२३१) एक घोड़ा चक्की फिराता था उसके सेन्टर से ६ फ़ीट ५ इंच के फ़ासिले पर चक्कर करता है और ३५ चक्कर व हिसाब औसत ३$\frac{१}{२}$ मिनट में करता है तो बताओ उसको ५ मील फ़ी घन्टा की चाल में कितना अंतर है



हल- चूंकि चक्की की त्रिज्या = ६ फ़ीट ५ इंच

∴ चक्की की परिधि = ६ फ़ीट ५ इंच×२× $\frac{२२}{७}$ = $\frac{१२१}{३}$ फ़ीट

∴ ३५ चक्करों की दूरी = ३५× $\frac{१२१}{३}$ = $\frac{४२३५}{३}$ फ़ीट

३$\frac{१}{२}$ मि० : ६० मि० :: $\frac{४२३५}{३}$: एक घन्टा की दूरी

∴ एक घन्टा की दूरी = $\frac{६०×४२३५×२}{७×३}$ = २४२००

∴ चाहा हुआ अन्तर = ५ मी० − २४२०० फ़ीट = ७६३ गज़ १ फ़ीट

दूसरा अध्याय

मिडिल क्लास वरनाक्यूलर इम्तिहान के सवालात मय हल सन् १८७२ ई०

से लेकर १८८८ ई० तक

सन् १८७२ ई०

(१) १९ बैलों के दाम २६६ रुपये हैं और ७ भेड़ों की क़ीमत बराबर है एक बैल के तो बताओ एक भेड़ की क्या क़ीमत हुई

हल- चूंकि ७ भेड़ों की क़ीमत बराबर है १ बैल के ∴ १९ बैल बराबर १९×७=१३३ भेड़ चूंकि १९ बैल यानी १३३ भेड़ों की क़ीमत २६६ रुपये हैं इसलिये एक भेड़ की क़ीमत = २६६ ÷ १३३ = २ रुपये जवाब

(२) एक पाठशाला में २२५००० गाय हैं और ३००६ मन घी देती हैं तो बताओ एक गाय कितना घी देती है

हल - चूंकि २२५०००० गाये २०१६ मन घी देती हैं इसलिये एक गाय का घी बराबर है $\frac{२०१६}{२२५००००} = \frac{५०४}{५६२५००} = \frac{२५२}{२८१२५०} = \frac{८४}{९३७५०} = \frac{२८}{३१२५०} = ५\frac{४४८}{६२५}$ क्योंकि

(३) $११\frac{१}{३} - \left\{\frac{५१}{५६} \div \left(\frac{११}{१२} - \frac{८}{१०}\right)\right\} + \frac{७}{१०} \times \frac{५}{६} + \frac{७}{८}$ इसकी कीमत बताओ

हल $११\frac{१}{३} - \left\{\frac{५१}{५६} \div \left(\frac{११}{१२} - \frac{८}{१०}\right)\right\} + \frac{७}{१०} \times \frac{५}{६} + \frac{७}{८}$

$= \frac{३४}{३} - \left\{\frac{५१}{५६} \div \left(\frac{११}{१२} - \frac{८}{१०}\right)\right\} + \frac{७}{१०} \times \frac{५}{६} + \frac{७}{८} = \frac{३४}{३} - \left\{\frac{५१}{५६} \div \left(\frac{५५-५४}{६०}\right)\right\} + \frac{७}{१०} \times \frac{५}{६} + \frac{७}{८}$

$= \frac{३४}{३} - \left\{\frac{५१}{५६} \div \frac{१}{६०}\right\} + \frac{७ \times ५}{१० \times ६} + \frac{७}{८} = \frac{३४}{३} - \left\{\frac{५१ \times ६०}{५६ \times १}\right\} + \frac{७}{१२} + \frac{७}{८}$

$= \frac{३४}{३} - \frac{७६५}{१४} + \frac{७}{१२} + \frac{७}{८} = \frac{२८५६ - १३७७० + १४७ + १९८६}{२५२}$

$= \frac{२८५६ + १४७ + १९८६ - १३७७०}{२५२} = \frac{३१८९ - १३७७०}{२५२} = -४१\frac{२३७}{२५२}$ जवाब

(४) ५ आदमी एक काम को जबकि दिन ९ $\frac{३}{५}$ घन्टे का हो तो १० $\frac{५}{८}$ दिन में करते हैं और जब दिन १० घन्टे का है तो ३ आदमी उससे २ गुने काम को कितने दिनों में

हल -

घन्टे		घन्टे		दिन	
१०	:	$\frac{४८}{५}$	::	$\frac{८५}{८}$	:: चाहे हुए दिन
३	:	५	::		
१	:	२	::		

∴ चाहे हुए दिन $= \frac{३ \times ५ \times ४८ \times ८५}{१० \times ३ \times ५ \times ८} = ३/७७ = ५१$ दिन जवाब

(५) ·०१०१० में ·२ और १२० में ·०००४८ का भाग दो और ५२२२ रुपये का ब्याज ४ $\frac{१}{२}$ रुपये सैकड़ा प्रति वर्ष के हिसाब से ५ वर्ष का सूद बताओ

हल २)·०१०१०(·५०५ ·०००४८)१२०·०००००(२५००००

$\frac{१०}{१०}$, $\frac{१०}{\times}$ $\frac{९६}{२४०}$, $\frac{२४०}{\times}$

∴ ·०१०१० ÷ ·०२ = ·५०५ जवाब ∴ १२० ÷ ·०००४८ = २५०००० जवाब

चूंकि ४ $\frac{१}{२}$ रुपये सैकड़े की दर से ५२२२ रु॰ का ब्याज एक साल का

= १०० : ५२२२ :: ४ $\frac{१}{२}$ रु॰ = $\frac{५२२२ \times ९}{१०० \times २}$ रुपया

∴ ५ साल का ब्याज $= \frac{५२२२ \times ९ \times ५}{१०० \times २} = \frac{९/३६११}{२०} = \frac{२३४९९}{२०} = ११७४$

रुपये १५ आना ९ $\frac{३}{५}$ पाई जवाब

(६) १·०२०१ का वर्गमूल और १०३·०३०१ का घन मूल बताओ

हल- १)१·०२०१ (१·०१

२०१)२०१
२०१
०

∴ √१·०२०१ = १·०१ ज०

१०३·०३०१००(४·६८
६४

३×४² = ४८	३९०३०
३×४×६ = ७२	
६ = ३६	
५५५६	३३३३६
३×४६² = ६३४८	५६९४१००
३×४६×८ = ११०४	
८² = ६४	
६५११०४	५२०८८३२
	३७८२६८

∴ ∛१०३·०३०१ = ४·६८ जवाब

सन् १८७३ ई०

(१) एक सौदागर ने ४३२१ भेड़ ६७०८ रु० १५ आने ३ पाई को खरीदी तो फी भेड़ किस क़ीमत पर बेचे जो सब पर २०० रु० एक आना नफ़ा हो

हल- क़ीमत फ़रोख्त बाज़ार है ४३२१ भेड़ों की ६७०८ रु० १५ आने ३ पाई + २०० रु० १ आ० = ६९०९ रु० ० आने ३ पाई

फी भेड़ की क़ीमत = ६९०९ रु० ३ पाई ÷ ४३२१ = १ रुपया ९ आना ३ पाई जवाब

(२) सब भिन्नों का योगान्तर में लघुत्तम समच्छेद क्यों लाते हैं [illegible] $(1\frac{3}{7} + \frac{2}{10\frac{1}{2}} - \frac{5}{18}$ का $\frac{4}{5}) \times 1\frac{1}{8}$ यह भिन्न [illegible]

हल- चूंकि योगान्तर सजातीय राशियों का होता है पस समच्छेद करने से भिन्नों को [illegible] हिस्सों में [illegible] संख्या से [illegible] भिन्न में [illegible] उसी तरह के हिस्से मालूम होते हैं [illegible] समच्छेद करने से भिन्न सजाती हो जाते हैं

$(1\frac{3}{7} + \frac{2}{10\frac{1}{2}} - \frac{5}{18}$ का $\frac{4}{5}) \times 1\frac{1}{8} = (\frac{10}{7} + \frac{2}{\frac{21}{2}} - \frac{5}{18}$ का $\frac{4}{5}) \times \frac{9}{8}$

$= (\frac{10 \times 9}{7 \times 9} + \frac{2 \times 2}{21 \times 3} - \frac{2 \times 2}{9 \times 7}) \frac{9}{8} = (\frac{90}{63} + \frac{4}{63} - \frac{14}{63}) \times \frac{9}{8}$

$= (\frac{90 + 12 - 14}{63}) \times \frac{9}{8} = \frac{88}{63} \times \frac{9}{8} = \frac{11}{7}$ जवाब

(३) [illegible]

हल- (व) (ब) (अ)

१५ : ५ :: २७ = $\frac{२७×५}{१५}$ = ९ (अ)

चूंकि (अ)ने १२ दिन काम किया है इसलिये ९+१२ = २१ दिन २७ - २१ = ६ दिन

∴ से उस काम को = ६ दिन : २७ दिन :: ४ दिन = $\frac{२७×४}{६}$ = १८ दिन जवाब

सन् १८७५

(१) मेरठ की दरी २ $\frac{१}{२}$ फ़ीट चौड़ी ५ आने गज की है और १० बरस चलती है और देहली की दरी ३ फ़ीट चौड़ी ३ आने ४ $\frac{१}{२}$ पाई गज की है और मुरादाबाद की दरी ४ फ़ीट चौड़ी २ आने ४ पाई गज की है और ३ बरस चलती है तो बताओ कौन सी दरी सस्ती और कौन सी महंगी है

हल देहली की दरी ३ आने ४ $\frac{१}{२}$ पाई = $\frac{२७}{८}$ आने क़ीमत ३ फ़ीट यानी १ गज की है और चूंकि मुरादाबाद की दरी २ आना ४ पाई गज की है इसलिये ४ फ़ीट के दाम बराबर हैं $\frac{७}{३}$ × $\frac{४}{३}$ = $\frac{२८}{९}$ आने और मेरठ की दरी २ $\frac{१}{२}$ फ़ीट चौड़ी ५ आने गज की है ∴ २ $\frac{१}{२}$ फ़ीट के दाम बराबर हैं $\frac{५}{३}$ × $\frac{५}{२}$ = $\frac{२५}{६}$ आना हुए और चूंकि मेरठ की दरी १० बरस चलती है $\frac{२५}{६}$ आने को आती है इसलिये एक बरस चलने वाली के दाम = $\frac{२५}{६×१०}$ = $\frac{५}{१२}$ आना

देहली की दरी ६ बर्ष चलती है और उसके दाम $\frac{२७}{८}$ आना है ∴ एक बर्ष की चलने वाली दरी के दाम = $\frac{२७}{८×६}$ = $\frac{९}{१६}$ आना और मुरादाबाद की दरी ३ बरस चलती है और उसके दाम = $\frac{२५}{६}$ आना ∴ एक बरस चलने वाली दरी के दाम = $\frac{२५}{६×३}$ = $\frac{२५}{१८}$ आना - $\frac{५}{१२}$ मे. $\frac{९}{१६}$ दे. $\frac{२५}{१८}$ मु. $\frac{६०}{१४४}$ मे. $\frac{८१}{१४४}$ दे. $\frac{२००}{१४४}$ पस मालूम हुआ कि मेरठ की दरी सब से सस्ती और मुरादाबाद की सब से महंगी है जवाब

(२) एक चीनी बेंचने वाले के पास १२ और १४ और १० और ४ आने सेर की चीनी है वह इन चारों क़िस्म की चीनी को मिलाकर ३ मन २४ सेर ऐसी चीनी बनाया चाहता है जो उसको ८ आने सेर पड़े तो बताओ कि हरएक क़िस्म की कितनी मिलना चाहिये

हल

$$८\left\{\begin{array}{l|l} ४ & ४+२+६=१२ \\ १० & ४ \\ १२ & ४ \\ १४ & ४ \end{array}\right.$$

१२+४+४+४ = २४ सेर ३ मन २४ सेर = १४४ सेर के

२४सेर : १४४ सेर :: १२ सेर = $\frac{१४४ \times १२}{२४}$ = ७२सेर

२४सेर : १४४ सेर :: ४ सेर = $\frac{१४४ \times ४}{२४}$ = २४ सेर पस ४ आने वालीमें से ७२सेर और१० व १२ व १४वालीमें से चौबीस २ सेर लेना चाहिये जवाब

(३) ८३८ रु. एक मनुष्य से १६ महीने पीछे एक आदमी को देने हैं सूद फी साल ३) सैकड़ा है जो वह रुपया अभी लेना चाहिये तो उसको कितने रुपये देना चाहिये।

हल १२ महीने : १६ रु० :: ३ रु० = $\frac{१६ \times ३}{१२}$ = $\frac{१६}{४}$ रुपये

१०० + $\frac{१६}{४}$ = $\frac{४००+१६}{४}$ = $\frac{४१६}{४}$ रुपया

$\frac{४१६}{४}$ रुपया : ८३८ रुपये :: १०० रु० = $\frac{४८ \times ३ \times ४ \times १००}{४१६}$ = ४×२×१००=८०० रुपये देना चाहिये जवाब

(४) क (४/५ का ११·८ − ५/१६ का ११·०२)÷·०१ इसकी कीमत दशमलव तीन स्थान तक बताओ

ख ३१५·२०१ का वर्गमूल निकालो जिसमें ३ स्थान दशमलव तक हों

हल (क) (४/५ का ११·८ − ५/१६ का ११·०२)÷·०१

=(·०६×११·८−·०६२५×११·०२)÷·०१

=(·७०८−·६८८७५)÷·०१ =·०१९२५÷·०१ =१·९२५ जवाब

(ख)
```
 १) ३१५·२०१०० (१७·७५४
    १
 २७) २१५
     १८९
 ३४७) २६२०
      २४२९
 ३५४५) १९१०१
       १७७२५
 ३५५०४) १३७६००
        १४२०१६
```

∴ √३१५·२०१ = १७·७५४ जवाब

सन १८७६

(१) [(३ $\frac{१}{६}$ − २ $\frac{१}{६}$) × (२२ $\frac{२}{६}$ + ६ $\frac{१}{३}$) × $\frac{६}{३१}$] ÷ (७ $\frac{१}{१३}$ + ६ $\frac{१}{१६}$)

इन भिन्न को संक्षेप करो हल {(३ $\frac{१}{६}$ − २ $\frac{१}{६}$) × (२२ $\frac{२}{६}$ + ६ $\frac{१}{३}$) × $\frac{६}{३१}$} ÷ (...)

= {($\frac{२४}{६}$ − $\frac{१३}{६}$) × ($\frac{२००}{९}$ + $\frac{१५}{३}$) × $\frac{६}{३१}$} ÷ ($\frac{१४}{१६}$ + $\frac{३६}{१६}$)

= {($\frac{२४−५४}{३६}$) × ($\frac{२०० + १२४}{९६}$) × $\frac{६}{३१}$} ÷ ($\frac{८४ + ४०}{१०}$)

$= \left[\frac{२३}{२४} \times \frac{५३५}{१८} \times \frac{८}{२२}\right] \div \frac{१३५}{१२} = \frac{५३५}{४८} \div \frac{१३५}{१२} = \frac{५३५ \times १२}{४८ \times १३५} = \frac{१०७}{१०८}$ जवाब

(२) (क) इस प्रश्न को दशमलव में लावो परन्तु उसमें छः स्थान दशमलव के हों $\frac{.०५ \times .००३}{.००२२}$ (ख) ९५१·१०५६ इसका वर्ग मूल निकालो

हल (क) $\frac{.०५ \times .००३}{.००२२} = \frac{.००३}{.०४४} = .०६५$ जवाब

(ख)

```
    ३) ९५१·१०५६(३०·८४
       ९
  ६०८) ५११०
       ४८६४
 ६१६४) २४६५६
       २४६५६
         ×
```

∴ $\sqrt{९५१·१०५६} = ३०·८४$ उ०

(३) ३ रुपये सैकड़े प्रति वर्ष व्याज के हिसाब से जो मूल २५० रुपये पर ६ वर्ष का होता है उतना ही व्याज ४ वर्ष में प्रति वर्ष ५ रुपये सैकड़े व्याज के हिसाब से मूल के कितने रुपयों पर होगा

हल - ६ वर्ष का व्याज = ६×३=१८ रु० . ४ वर्ष का व्याज ५×४=२० रु०

२० रु० : १८ रु० :: २५० रु० = $\frac{२५० \times १८}{२०}$ = २२५ रु० जवाब

(४) (अ) और (ब) दो स्थानों में १२ मील का अंतर है जिसमें २ मील चढ़ाई और ३ मील उतराई है और जो एक आदमी अ से ब तक जावे और फिर उलटा आवे तो उसके जाने और आने में क्या अंतर पड़ेगा जब चढ़ाई पर फी घन्टे ४ मील और उतराई पर फी घन्टे ५ मील और सम भूमि पर १० मील चलता हो

हल - चूंकि आने में १ मील चढ़ाई ज़ियादा है और जाने में १ मील उतराई कम है ∴ ४ मील : १ मील :: १ घंटा = $\frac{१ \times १}{४} = \frac{१}{४}$ घन्टा

५ मील : १ मील :: १ घंटा = $\frac{१ \times १}{५} = \frac{१}{५}$ घन्टा

∴ $\frac{१}{४} - \frac{१}{५} = \frac{५ - ४}{२०} = \frac{१}{२०}$ घन्टा यानी ३ मिनट जवाब

(५) एक तालाब में कमल की कली का ऊपर का हिस्सा जल से ९ इंच ऊंचा था और वह हवा के धक्के से जहां पर देखता था वहां से ३६ इंच के फासिले पर जल से जा मिला तो बताओ उस तालाब में कितना गहरा पानी था

हल - चूंकि इस सवाल में ९ इंच कर्ण और कोटि का अंतर है ३६ इंच भुज है

∴ [illegible] का योग = $३६^२ \div ९ = १२९६ \div ९ = १४४$

तादाद = $\frac{१४४ - ९}{२} = \frac{१३५}{२} = ६७\frac{१}{२}$ इंच जवाब

सन् १८७७

(१) साधारण भिन्न और दशमलव का फ़र्क़ ब्यान करो और आवर्त्त दशमलव किसे कहते हैं, $\frac{४\frac{१}{२}}{१३\frac{१}{४}}$ को दशमलव भिन्न की सूरत में और ·०५२३ं इसको साधारण भिन्न की सूरत में लाओ

हल–पहली शाख का जवाब सन् १८७४ के पहले सवाल में देखो

$\frac{४\frac{१}{२}}{१३\frac{१}{४}} = \frac{\frac{११}{२}}{\frac{५३}{४}} = \frac{११ \times ४}{२ \times ५३} = \frac{२२}{५३} =$ ·४१५०९४३३९६२२६४१५०९४३३९६२२६४१५०९४३३९६ (?)

·०५२३ं $= \frac{५२३-५२}{९०००} = \frac{४७१}{९०००} = \frac{१५७}{३०००}$ जवाब

(२) ४७१·०२७६ को २७·५३४ से गुणा करो और १७०८·४५६२ में ·००७२ का भाग दो

हल

```
        ४७१·०२७६
          २७·५३४
    ----------------
       १८८४११०४
      १४१३०८२८
     २३५५१३८०
    ३२९७१९३२
   ९४२०५५२
  -----------------
  १२९६८·२७३९३८४ जवाब प्रथम
```

```
·००७२)१७०८·४५६२(२३७२८९
       १४४
       ---
       २६८
       २१६
       ---
        ५२४
        ५०४
        ---
         २०५
         १४४
         ---
          ६१६
          ५७६
          ---
           ४०२
           ३६० (?)
```

ज॰ दोयम

(३) साधारण भिन्न के गुणा करने का क़ायदा बयान करो $१ + \frac{१}{२} + \frac{१}{३}$ का $\frac{१}{४}$ को $२ - १\frac{१}{४} + \frac{१}{७}$ से गुणा करो और $\frac{१}{२} + \frac{३}{५}$ को $\frac{१}{२} - \frac{१}{३}$ से भाग करो

हल– साधारण भिन्न के गुणा करने का यही क़ायदा है कि उसके अंशों में और हरों में गुणा कर देते हैं

$(१ + \frac{१}{२} + \frac{१}{३}$ का $\frac{१}{४}) \times (२ - १\frac{१}{४}) \times (२ - १\frac{१}{४} + \frac{४}{७})$

$(\frac{१२+६+१}{१२}) \times (\frac{५६-३५+४}{२८}) = \frac{१९}{१२} \times \frac{२५}{२८} = \frac{४७५}{३३६} = १\frac{१३९}{३३६}$ ज॰ पहिला

$(\frac{१}{२} + \frac{३}{५}) \div (\frac{१}{२} - \frac{१}{३}) = (\frac{५+६}{१०}) \div (\frac{३-२}{६}) = \frac{११}{१०} \div \frac{१}{६} = \frac{११}{१०} \times \frac{६}{१} = \frac{३३}{५} = ६\frac{३}{५}$

ज॰ दूसरा

(४) सादा (?) बनाओ $\frac{३}{५} \times (६\frac{२}{३} + २\frac{१}{२})$ को और $(\frac{३\frac{१}{२}}{७} + \frac{२}{१०\frac{१}{२}} - \frac{५}{१८} \times \frac{४}{७}) \div १\frac{१}{९}$

$\frac{३}{५} \times (६\frac{२}{३} + २\frac{१}{२}) = \frac{३}{५}(\frac{२०}{३} + \frac{५}{२}) = \frac{३}{५}(\frac{४०+१५}{६}) = \frac{३}{५} \times \frac{५५}{६} = \frac{११}{२}$

$= ५\frac{१}{२}$ जवाब पहला

$(\frac{३\frac{१}{२}}{७} + \frac{२}{१०\frac{१}{२}} - \frac{५}{१८} \times \frac{४}{७}) \div १\frac{१}{९} = (\frac{\frac{७}{२}}{७} + \frac{२}{\frac{२१}{२}} - \frac{५}{१८} \times \frac{४}{७}) \div \frac{१०}{९}$

$=\left(\frac{२०}{२१}+\frac{४}{२१}-\frac{२१}{१२६}\right)\div\frac{९}{८} \quad =\left(\frac{६०+२४-२०}{१२६}\right)\div\frac{९}{८}$

$\frac{५४}{१२६}\div\frac{९}{८}=\frac{३२}{६३}\times\frac{८}{९}=\frac{२५६}{५६७}$ जवाब दूसरा

(५) (क) २·८ का २·२७̇ − १·१३̇६̇ (ख) एक रुपये का ·२१३

हल (क) २·८ का २·२७̇ − १·१३̇६̇ $= २\frac{४}{५}$ का $२\frac{३}{११}-\frac{२५}{२२}$

$=\frac{१४}{५}\times\frac{२५}{११}-\frac{२५}{२२}=\frac{७०}{११}-\frac{२५}{२२}=\frac{१४०-२५}{२२}=\frac{११५}{२२}=५\frac{५}{२२}$ = ५·२२७̇ जवाब

(ख) १ रुपये का ·२१३ = ·२१३ × १६ = ३·४०८ आने

·४०८ × १२ = ४·८९६ पाई ∴ ३ आने $४\frac{११२}{१२५}$ पाई जवाब

(६) क़ीमत दर्याफ़्त करो $३६५\frac{१}{४}$ का दिन का २·८१ + १ हफ़्ते का ५·७५ − $५\frac{५}{८}$ घन्टे का $\frac{३}{४}$

हल $३६५\frac{१}{४}$ दिन का २·८१ + १ हफ़्ते का ५·७५ − $५\frac{५}{८}$ घन्टे का $\frac{३}{४}$

$=\frac{१४६१}{४}$ दिन का $२\frac{८१}{१००}$ + ७ दिन का $५\frac{७५}{१००}-\frac{४५}{८}$ घन्टे का $\frac{३}{४}\times\frac{१}{२४}$

$=\frac{१४६१}{४}$ दि० × $\frac{३१}{११}+\frac{७}{१}$ दिन × $\frac{२३}{४}-\frac{२५}{१४४}$ दिन

$=\frac{४५२८१}{४४}+\frac{१६१}{४}-\frac{२५}{१४४}=\frac{१६३०४७६+६३७५६-२७५}{१५८४}$

$=\frac{१६९३९५७}{१५८४}$ दिन = १०६९ दिन $१०\frac{९}{११}$ घन्टे = २ वर्ष ३३९ दिन $१०\frac{९}{११}$ घंटे ज०

(७) ३·१४१५९२६५ इसका वर्गमूल दर्याफ़्त करो

हल

१) ३·१४ १५ ९२ ६५ (१·७७२४
१
२७) २१४
१८९
३४७) २५१५
२४२९
३५४२) ८६९२
७०८४
३५४४४) १६०८६५
१४१७७६
१९०८९

∴ $\sqrt{३·१४१५९२६५}$ = १·७७२४ जवाब

(८) तीन जोड़ी बैल $१७\frac{१}{२}$ बीघा ज़मीन ४ दिन में जोतते हैं तो बताओ २७ जोड़ी बैल $२\frac{१}{४}$ दिन में के बीघे ज़मीन जोतेंगे

हल जोड़ी ३ : २७, दिन ४ : $२\frac{१}{४}$ दि० :: $१७\frac{१}{२}$ बीघा : चाहा हुआ जवाब

∴ चाहा हुआ जवाब $=\frac{२७\times३५\times९}{४\times३\times४\times२}=\frac{२८३५}{३२}=८८\frac{१९}{३२}$ बीघा जवाब

और ३ यह दोनों बराबर है जवाब

(२) अंगरेजी अमलदारी में १३६४२१२५० हिन्दू और ६१८५४० ईसाई बसते हैं तो सब से छोटी ऐसी दो संख्या बताओ जो कि हिन्दू और ईसाइयों का संबंध बतावें

